जब मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे और मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब हमारी निरंतर बातचीत होती थी। तब हमारे बीच शासन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होती थी। उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता हमेशा झलकती थी।
– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# एक महान युग का अंत

**अमित बृज । नई दिल्ली**

पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह ने अलविदा कह दिया। डॉ मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में गुरुवार रात निधन हो गया। उन्हें बेहोश होने के बाद शाम 8:06 बजे दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS) के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। रात 9:51 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। अपने आर्थिक सुधारों की वजह से भारत के सुधार पुरुष कहे जाने वाले मनमोहन सिंह भले ही न रहे, लेकिन भारत को उदारीकरण की राह दिखाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री को हमेशा याद रखेगा। उनके कार्यकाल में भारत ने कई उपलब्धियां हासिल कीं। जब नयी सदी का इतिहास लिखा जाएगा तब डॉ मनमोहन सिंह के कार्यकाल को भारतीय लोकतंत्र के लिए सबसे सुखद वर्षों में गिना जाएगा।

## उदारीकरण के जनक

1991 में, भारत जब गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था, उस समय डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया गया। उन्होंने ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों की शुरुआत की, जिसने भारत को आर्थिक उदारीकरण की राह पर आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में अर्थव्यवस्था के कई क्षेत्रों में विदेशी निवेश के दरवाजे खुले और आर्थिक विकास को गति मिली।

# देश के रिफॉर्म मैन पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का निधन

## इतने पद पर रह चुके हैं मनमोहन सिंह



26 सितंबर, 1932 को गाह गांव (पाकिस्तान का पंजाब प्रांत) में जन्मे सिंह ने क्रमशः 1952 और 1954 में पंजाब विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक और मास्टर डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने 1957 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अपना इकोनॉमिक ट्रिपोस पूरा किया। फिर 1962 में वो ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डी.फिल किया। डॉक्टर सिंह विदेश व्यापार मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार, वित्त मंत्रालय में मुख्य आर्थिक सलाहकार और वित्त मंत्रालय के सचिव के रूप में कार्य किया। उन्होंने 1976 से 1980 तक भारतीय रिजर्व बैंक के निदेशक और फिर 1982 से 1985 तक गवर्नर के रूप में कार्य किया। वह योजना आयोग के उपाध्यक्ष और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष भी रह चुके हैं।

## राजनीतिक सफरनामा

अपने मृदुभाषी और विनम्र स्वभाव के लिए जाने जाने वाले मनमोहन सिंह अक्तूबर 1991 में पहली बार राज्यसभा के सदस्य बने थे। इसके बाद वे लगातार छह बार उच्च सदन के सदस्य बने। वे कभी लोकसभा से नहीं आ सके। हालांकि 1999 में मनमोहन सिंह ने दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा जिसमें वे भाजपा के विजय कुमार मल्होत्रा से हार गए थे। ये उनके जीवन का पहला और आखिरी लोकसभा चुनाव था। एक अक्तूबर, 1991 से 14 जून, 2019 तक वे लगातार पांच बार असम से राज्यसभा सदस्य रहे। 2019 में दो महीने के अंतराल के बाद वे राजस्थान से फिर राज्यसभा आए। वे 1991 से 1996 तक नरसिम्हा राव सरकार में वित्त मंत्री रहे। बाद में 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री भी रहे थे। इतना ही नहीं, 21 मार्च, 1998 से 21 मई, 2004 तक वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता थे। इसके बाद जब वे 2004 और 2014 के बीच प्रधानमंत्री थे, तब भी वह सदन के नेता थे।

## उपलब्धियां

- **राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा)**
2005 में शुरू किए गए इस अधिनियम ने प्रत्येक ग्रामीण परिवार को 100 दिन के वेतन रोजगार की गारंटी दी, जिससे लाखों लोगों की आजीविका में उल्लेखनीय सुधार हुआ और ग्रामीण बुनियादी ढांचे में वृद्धि हुई।
- **सूचना का अधिकार अधिनियम (RTI)**
2005 में पारित आरटीआई ने नागरिकों को सार्वजनिक प्राधिकरणों से जानकारी मांगने का अधिकार दिया, जिससे शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा मिला।
- **आधार की सुविधा**
आधार परियोजना निवासियों को विशिष्ट पहचान प्रदान करने, विभिन्न सेवाओं तक पहुंच को सुविधाजनक बनाने के लिए शुरू की गई थी।
- **प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण**
डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार ने प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (Direct Benefit Transfer)सिस्टम को लागू किया, जिसने कल्याण वितरण को सुव्यवस्थित किया और कई खामियों को दूर किया।
- **कृषि ऋण माफी (2008):**
कृषि संकट को दूर करने के लिए 60,000 करोड़ रुपए के ऋण माफी के माध्यम से किसानों को राहत प्रदान की।
- **भारत-अमेरिका परमाणु सौदा**
मनमोहन सिंह की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों में से एक भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते पर बातचीत थी। इस समझौते के तहत, भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (NSG) से छूट मिली। इसके तहत भारत को अपने नागरिक और सैन्य परमाणु कार्यक्रमों को अलग करने की अनुमति मिली। इस डील के तहत भारत को उन देशों से यूरेनियम आयात करने की अनुमति मिली, जिनके पास यह तकनीक है।

## 8 और 9 जनवरी को शरद पवार ने बुलाई अहम बैठक



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) के मुखिया शरद पवार अब बड़ा फैसला लेने की तैयारी कर रहे है। शरद पवार की पार्टी ने 8 और 9 जनवरी को मुंबई में अहम बैठक बुलाई है। यह बैठक नरीमन पाइंट स्थित यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित की गई है। इसके अलावा पार्टी नेताओं के बयान की वजह से अटकलों का बाजार गरमा गया है। वहीं दूसरी तरफ एनसीपी (एसपी) में बदलाव की बयार शुरू करने के संकेत मिल रहे है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि पार्टी में अहम पदों पर किन नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। फिलहाल जयंत पाटिल एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इससे पहले राजनीतिक गलियारों में जयंत पाटिल के इस्तीफे को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही थी।

### शरद पवार पार्टी नेताओं से लेंगे राय

8 जनवरी को सभी प्रकोष्ठों, विधायकों, सांसदों और विभागाध्यक्षों की बैठक होगी। 9 जनवरी को जिला अध्यक्षों और शहर अध्यक्षों को भी बैठक में आमंत्रित किया गया है। इस दो दिवसीय बैठक में शरद पवार अपनी पार्टी में बदलाव को लेकर सभी की राय लेंगे और उसके बाद विभिन्न पदों पर प्रमुखों को बदला जाएगा। बैठक में शरद पवार खुद मौजूद रहेंगे और कोई बड़ा फैसला ले सकते है।

# भाजपा की बल्ले-बल्ले

## भाजपा को कांग्रेस से 2300 करोड़ अधिक दान

- 281 करोड़ रुपये मिले कांग्रेस पार्टी को इस दौरान
- चुनाव आयोग ने जारी किए आधिकारिक आंकड़े

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय चुनाव आयोग (ECI) ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक की है। देश के दो प्रमुख राजनीतिक दलों- भाजपा और कांग्रेस को 2800 करोड़ रुपये से अधिक राशि मिली। सत्तारूढ़ भाजपा को 2023-24 के दौरान 2,604.74 करोड़ रुपये से अधिक, जबकि विपक्षी पार्टी कांग्रेस को 281.38 करोड़ रुपये का योगदान मिला।

### भाजपा को किन माध्यमों से मिले चंदे

वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, भाजपा को प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट से 723 करोड़ रुपये से अधिक का दान प्राप्त हुआ। ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट की तरफ से भाजपा को 127 करोड़ रुपये, जबकि आइन्जीगार्टिग इलेक्टोरल ट्रस्ट से 17 लाख रुपये से अधिक का दान मिला।



| भाजपा | कांग्रेस |
| --- | --- |
| ■ प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट से 723 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा मिला<br>■ ट्रायम्फ इलेक्टोरल ट्रस्ट से 127 करोड़ रुपये से अधिक चंदा<br>■ आइन्जीगार्टिग इलेक्टोरल ट्रस्ट से 17 लाख रुपये से अधिक का चंदा | ■ प्रूडेंट इलेक्टोरल ट्रस्ट से 150 करोड़ रुपये से अधिक का चंदा<br>■ 1.38 लाख रुपये का ऐसा चंदा मिला, जिसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल और दिग्विजय सिंह समेत अन्य शीर्ष नेताओं से प्राप्त चंदा भी शामिल हैं। |

### देश के छह राष्ट्रीय दलों को 63 प्रतिशत से अधिक वोट

इस वर्ष हुए लोकसभा चुनाव में देश के छह राष्ट्रीय दलों ने कुल वैध मतों में से 63 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी (बसपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) [सीपीआई (एम)], आम आदमी पार्टी (आप) और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) छह राष्ट्रीय दल हैं।

...पेज 8 भी देखें

### 2019 की तुलना में कितना अधिक पैसा मिला

रिपोर्ट में ऐसे ही दानों को सूचीबद्ध किया गया है जो लोकसभा चुनाव से पहले 31 मार्च, 2024 तक प्राप्त हुए थे। पांच साल पहले भाजपा ने 740 करोड़ रुपये से अधिक दान मिलने की घोषणा की थी। यानी पांच साल के बाद भाजपा को लगभग 2000 करोड़ रुपये अधिक मिले। दूसरी तरफ 2019 के लोकसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने 2018-19 में 146 करोड़ रुपये से अधिक राशि प्राप्त होने का दावा किया था। पिछली बार की तुलना में कांग्रेस को 135 करोड़ अधिक मिले।

### फ्यूचर गेमिंग ने भी भाजपा को चंदा दिया

भाजपा को फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से कई चंदे के माध्यम से तीन करोड़ रुपये भी मिले। फ्यूचर गेमिंग एंड होटल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मालिक सैंटियागो मार्टिन हैं, जिन्हें भारत का लॉटरी किंग भी कहा जाता है। मार्टिन कथित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर (आईटी) विभाग की जांच के दायरे में हैं। फ्यूचर गेमिंग चुनावी बॉण्ड के माध्यम से सबसे बड़ा दानदाता था, जिसमें तृणमूल कांग्रेस सबसे बड़ी लाभार्थी थी। रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने तृणमूल को 542 करोड़ रुपये, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) को 503 करोड़ रुपये और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) को 154 करोड़ रुपये का चंदा दिया था। वेदांता, भारती एयरटेल, मुथूट, जिंदल समूह और टीवीएस मोटर्स जैसे बड़े कॉरपोरेट समूहों द्वारा खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का भी भाजपा प्रमुख लाभार्थी थी।

# नए साल से पहले रेलवे का बड़ा फैसला

▸▸ **मुंबई में 12 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों को चलाने का फैसला**

## चलेंगी स्पेशल ट्रेनें



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

नए साल के मौके पर रेलवे ने यात्रियों का विशेष ध्यान रखते हुए एक बड़ा फैसला किया है। यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए पश्चिमी और मध्य रेलवे ने गुरुवार को बताया कि नए साल की पूर्व संध्या पर मुंबई में स्पेशल लोकल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। स्पेशल लोकल ट्रेनों के संचालन से लोगों को सीधा फायदा होगा। रेलवे का कहना है कि नए साल की तैयारियों का ध्यान रखते हुए मुंबई में 12 अतिरिक्त लोकल ट्रेनों को चलाने का फैसला लिया गया है। ये लोकल ट्रेनें 31 दिसंबर से 1 जनवरी की सुबह तक चलेंगी। इसको लेकर शेड्यूल की जानकारी भी दिया गया है।

### पश्चिमी रेलवे चलाएगा आठ विशेष लोकल ट्रेन

पश्चिमी रेलवे द्वारा गुरुवार को साझा की गई जानकारी के अनुसार नए साल की पूर्व संध्या 2024 पर आठ विशेष लोकल ट्रेन चलाई जानी है। ये विशेष ट्रेन 1 जनवरी को चर्चगेट से 1.15 बजे रवाना होगी और 2.55 बजे विरार पहुंचेगी। वहीं, इसके बाद चर्चगेट से विरार के लिए एक और लोकल ट्रेन 2 बजे रवाना होगी और 3.40 बजे विरार पहुंचेगी। इसके बाद तीसरी ट्रेन चर्चगेट से 2.30 बजे रवाना होगी और 4.10 बजे विरार पहुंचेगी। अंत में आखिरी विशेष ट्रेन 3.25 बजे रवाना होगी, जो 5.05 बजे अपने गंतव्य पर पहुंचेगी। इसके अलवा 1 जनवरी को सुबह 12.15 बजे विरार से एक लोकल ट्रेन रवाना होगी, जो 1.52 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। ठीक इसके कुछ देर बाद एक और ट्रेन विरार से 12.45 बजे रवाना होगी और 2.22 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। वहीं, इसके कुछ देर बाद तीसरी स्पेशल लोकल ट्रेन विरार से 1.40 बजे चलेगी और 3.17 बजे चर्चगेट पहुंचेगी। ये सभी ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी, जिससे जश्न मनाने गए यात्रियों को यात्रा करने में दिक्कतों का सामना ना करें। पश्चिमी रेलवे ने कहा कि यात्रियों से अनुरोध है कि वे सेवाओं का लाभ उठाएं और सुरक्षित यात्रा करें।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ड्राइवर ने 5 साल के बच्चे पर खेलते वक्त चढ़ा दी कार

**वसई।** वसई के वालिव इलाके से एक दिल दहला देने वाला हादसे का वीडियो सामने आया है। शिव भीम नगर इलाके में एक 5 साल का बच्चा, राघव कुमार चव्हाण उर्फ छोटू, सड़क किनारे मिट्टी में खेल रहा था। तभी एक टी परमिट कैब (गाड़ी नंबर 01 ईएम 3245) के ड्राइवर ने बिना देखे गाड़ी स्टार्ट की और बच्चे को कुचलते हुए वहां से भाग निकला। यह पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में साफ देखाई दे रहा है कि गाड़ी बच्चे की छाती और सिर के ऊपर से गुजरी। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने ड्राइवर को रोकने की कोशिश की, लेकिन वह गाड़ी लेकर फरार हो गया।

# 26 जनवरी से संविधान बचाओ पद यात्रा निकालेगी कांग्रेस

▸▸ **कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में ऐलान**



**एजेंसी । बेंगलुरु**

कर्नाटक के बेलगावी में गुरुवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी (CWC) की बैठक हुई जिसमें 26 जनवरी 2025 से 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करने का फैसला लिया गया। बैठक के पहले दिन मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी ने स्पीच दी। सोनिया गांधी अधिवेशन में शामिल नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने पत्र के जरिए
बैठक के बाद पार्टी नेता जयराम रमेश ने बताया, 'हमारा मानना है कि भारत जोड़ो यात्रा ने कांग्रेस को संजीवनी दी थी। इससे कांग्रेस की राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ आया था। हमने भारत जोड़ो न्याय यात्रा भी निकाली। अब 26 जनवरी से हम एक साल तक चलने वाली 'संविधान बचाओ राष्ट्रीय पद यात्रा' शुरू करेंगे।' कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा, 'कांग्रेस दिसंबर 2024 से जनवरी 2026 तक लोगों से जुड़े मुद्दों को उठाएगी और जय बापू, जय भीम, जय संविधान, राजनीतिक अभियान शुरू करेगी।

### 'महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कुछ तो गड़बड़ है'

राहुल गांधी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों पर सवाल उठाए हैं। राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र की 118 सीटों पर 72 लाख मतदाता 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद जोड़े गए, जिनमें से 102 पर भाजपा ने जीत दर्ज की। इससे साफ है कि कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ है।

# प्रदूषण फैला रही बेकरियों को बीएमसी का नोटिस

▸▸ **पीएनजी गैस का उपयोग न करने पर कार्रवाई**



**धीरज सिंह । मुंबई**


मुंबई में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। शहर में प्रदूषण फैलाने में शामिल 356 बेकरियों को मनपा ने नोटिस भेजा है। इन्हें अविलंब इलेक्ट्रिक सिगड़ी लगाने की चेतावनी दी गई है। उसके बावजूद यदि बेकरियों में इलेक्ट्रिक सिगड़ी नहीं लगाई जाती तो उसे सील करने की कार्रवाई शुरू की जाएगी।पिछले एक वर्ष से मुंबई में प्रदूषण रोकने के लिए बीएमसी विभिन्न स्तर पर कार्रवाई कर रही है। उनमें वह बेकरियां भी हैं जिनमें पुरानी लकड़ी, केमिकल युक्त प्लाईवुड, टायर, डीजल आदि जलाया जाता है। जिसके धुएं के कारण प्रदूषण फैलता है।
शहर में कुल 1200 बेकरियां हैं। जिनमें 650 बेकरी अवैध हैं। अब बीएमसी ने ऐसी बेकरियों को नोटिस भेजना शुरु किया है। बीएमसी पर्यावरण विभाग के अधिकारी ने बताया कि अब तक 356 बेकरियों को नोटिस दिया गया है। नोटिस मिलने के बाद 77 बेकरियों ने अपनी बेकरी में इलेक्ट्रिक सिगड़ी लगाने के लिए बीएमसी में आवेदन दिया है।एक अधिकारी ने बताया कि प्रदूषण फैलाने वाली बेकरियों को दो पर्याय दिया गया है। वे इलेक्ट्रिक सिगड़ी लगाएं या पीएनजी गैस का उपयोग करें। इसके बाद भी यदि बेकरी में हानिकारक सामग्री जलाई जाती है तो उसे सील कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि लकड़ी से चलने वाली नई बेकरियों को पिछले 17 वर्षो से लाइसेंस नहीं दिया जा रहा है।

# 100 दिनों के लिए बनाएं ठोस कार्य योजना : देवेंद्र फडणवीस

▸▸ **100 दिनों के प्रारूप के जरिए सभी विभाग को ठोस काम करने का निर्देश**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य के विभिन्न विभागों को अगले 100 दिनों के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को राज्य अतिथिगृह सह्याद्री में आयोजित एक समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक विभाग को राज्य की सर्वांगीण प्रगति को ध्यान में रखते हुए अपने कार्यों के लिए एक स्पष्ट और प्रभावी प्रारूप तैयार करना चाहिए।



### वन विभाग की नीतियां और तेंदुआ संरक्षण

मुख्यमंत्री ने तेंदुए की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए उसके संरक्षण और प्रबंधन के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने तेंदुआ निवारा केंद्र की क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और तेंदुओं को अन्य राज्यों के अभ्यारण में भेजने की व्यवस्था तैयार करने की बात की।

### कृषि और उच्च शिक्षा विभाग के लिए निर्देश

कृषि विभाग को मुख्यमंत्री ने किसानों को केंद्र में रखते हुए योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश दिए। वहीं, राज्य के उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग को विदेशों से आने वाले विश्वविद्यालयों को आकर्षित करने और शैक्षणिक संकुलों (कॉम्प्लेक्स) का निर्माण करने की योजना बनाने के आदेश दिए। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इन निर्देशों के माध्यम से राज्य के विकास को नई दिशा देने की उम्मीद जताई है।

### मियावाकी विधि से वनीकरण बढ़ाने के निर्देश

मुख्यमंत्री ने शहरी इलाकों में वनीकरण को बढ़ावा देने के लिए मियावाकी विधि से वृक्षारोपण की सिफारिश की। यह विधि शहरी क्षेत्रों में ज्यादा पेड़ लगाने और हरित क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए एक प्रभावी तकनीक मानी जाती है। मुख्यमंत्री ने वन विभाग से राज्य में वन्य प्राणी और मानव के बीच होने वाले संघर्ष को कम करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) का उपयोग करने का आदेश दिया। इसके अलावा, इस संघर्ष की घटनाओं में तत्काल प्रतिक्रिया के लिए विशेष बचाव दल की स्थापना की योजना बनाई जाएगी, जिनके मानव संसाधन को उच्च स्तर के प्रशिक्षण से लैस किया जाएगा।

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



# सड़क पर शोपीस बने सिग्नल

## वाहन चालक उड़ा रहे यातायात नियमों की धज्जियां

**आशु विश्वकर्मा | नालासोपारा**

वसई-विरार और नालासोपारा क्षेत्र में यातायात सुधारने के लिए लगाए गए सिग्नल केवल शोपीस बनकर रह गए हैं। लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी यातायात समस्या जस की तस बनी हुई है। बड़े हादसों के बावजूद यातायात पुलिस की निष्क्रियता और वाहन चालकों द्वारा खुलेआम यातायात नियमों का उल्लंघन स्थिति को और गंभीर बना रही है।



> "नालासोपारा पूर्व और पश्चिम को जोड़ने वाले ब्रिज के पास हर समय ट्रैफिक जाम लगा रहता है। फेरीवालों के कारण रोड पर गाड़ियों की आवाजाही बाधित होती है।
> जया परमार, समाजसेविका

### स्थानीय समस्याएं और जन आक्रोश

नालासोपारा में पुल के नीचे और आसपास लगातार ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़कों के किनारे बैठे फेरीवालों से स्थिति और बिगड़ जाती है।

### सिग्नल लगाने के बाद भी समस्या बरकरार

वसई-विरार नगर निगम ने कई महत्वपूर्ण चौराहों पर सिग्नल लगाए हैं। इनमें नालासोपारा पश्चिम में फन फीस्टा चौराहा, राधाकृष्ण होटल टाकी रोड, चंदन नाका, संतोष भवन, वसई पंचवटी नाका, अंबाड़ी रोड, विरार मनवेल पाड़ा चौराहा, और विवा कॉलेज नाका प्रमुख हैं। लेकिन इन जगहों पर यातायात नियमों का उल्लंघन आम हो गया है। विशेष रूप से स्कूलों के समय, जब बच्चों और पैदल यात्रियों की भीड़ रहती है, स्थिति खतरनाक हो जाती है। सिग्नल जंप करने और भारी वाहनों के प्रतिबंधित समय पर आवाजाही से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। यातायात पुलिस की निष्क्रियता इस समस्या को और जटिल बना रही है।

### पुलिस का पक्ष

वसई तालुका की बढ़ती आबादी (लगभग 25 लाख) के लिए केवल 1 वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक, 1 सहायक पुलिस निरीक्षक, 5 उपनिरीक्षक, और 74 पुलिस कर्मचारी तैनात हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश सेटे ने कहा कि जहां ज्यादा पुलिस बल की जरूरत होती है, वहां तैनाती की जाती है। सिग्नल जंप और यातायात नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई कर जुर्माना वसूला गया है। यातायात पुलिस की सख्ती और नागरिकों की जागरूकता के बिना समस्या का समाधान संभव नहीं है। सिग्नल और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है।


# चाची ने ही करवाई भाजपा MLC के चाचा की हत्या

- 5 लाख में 4 लोगों को दी गई सुपारी
- पूर्व किरायेदार अक्षय ने रची हत्या की पूरी साजिश
- जांच में खुलासा मोहिनी को पीटता था सतीश वाघ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई/पुणे**

महाराष्ट्र के भाजपा एमएलसी योगेश तिलेकर के चाचा सतीश वाघ के हत्याकांड मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। हत्या की साजिश एमएलसी की चाची ने रची थी। पुलिस ने मृतक सतीश की पत्नी मोहिनी को गिरफ्तार कर लिया है। मोहिनी ने अपने प्रेमी से पति को मौत के घाट उतारने को कहा था। इसके बाद चार लोगों को हत्या की सुपारी दी गई।





### अपहरण के बाद हुई थी हत्या

नौ दिसंबर को महाराष्ट्र के पुणे में 55 वर्षीय सतीश वाघ की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। पुणे के शेवालवाड़ी चौक के पास से सतीश का एक कार में अपहरण किया गया था। वहां से लगभग 40 किलोमीटर दूर पुणे-सोलापुर हाईवे पर यवत के नजदीक उनकी हत्या की गई थी।

### पुलिस ने जब्त की सुपारी की रकम

अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) शैलेश बलकावड़े ने बताया कि मोहिनी वाघ (48) को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। जांच में पता चला कि वह पति की हत्या की साजिश में शामिल थी। मोहिनी ने अपने पूर्व किरायेदार अक्षय जावलकर (29) से अपने पति की हत्या करने को कहा था। बाद में जावलकर ने चार लोगों को पांच लाख रुपये की सुपारी दी। पुलिस ने सुपारी की रकम जब्त कर ली है। आयुक्त ने बताया कि जावलकर का परिवार कई सालों तक सतीश वाघ के घर पर बतौर किरायेदार रह चुका है। इसी दौरान अक्षय और मोहिनी के बीच संबंध बन गए। जांच में यह भी सामने आया है कि सतीश को इसकी भनक लग चुकी थी। उसने पत्नी के सामने विरोध भी जताया। बाद में अक्षय का परिवार कहीं और रहने लगा। मगर मोहिनी और अक्षय के बीच बातचीत होती रही।

# सिविल अस्पताल के आयुष विभाग में घुटने के दर्द का सफल उपचार

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

आजकल शारीरिक गतिविधि की कमी, घंटों एक ही स्थान पर बैठकर काम करना और वजन बढ़ना जैसे कारणों से घुटने के दर्द की समस्या आम हो गई है। इस परेशानी का सामना कर रही एक महिला ने सिविल अस्पताल के आयुष विभाग में आयुर्वेद और पंचकर्म चिकित्सा से राहत पाई है। घुटने का दर्द चलने-फिरने और बैठने पर असहनीय हो सकता है। इस समस्या से परेशान मरीज अक्सर इलाज पर बड़ी राशि खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं, भले ही सफलता की कोई गारंटी न हो। कई बार डॉक्टर सर्जरी की सलाह देते हैं, लेकिन सभी लोग सर्जरी कराने को तैयार नहीं होते।



### आयुर्वेदिक उपचार से राहत

48 वर्षीय सरिता पाटिल (बदला हुआ नाम) पिछले दो वर्षों से घुटने के गंभीर दर्द से पीड़ित थीं। एलोपैथिक इलाज से कोई खास फायदा न होने पर उन्होंने सिविल अस्पताल के आयुष विभाग में संपर्क किया। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार और अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगड़े के मार्गदर्शन में आयुर्वेदाचार्य डॉ. सोनल रेंगे ने सरिता का इलाज किया। पंचकर्म परिचारिका यशश्री कांबली और टीम के अथक प्रयासों से सरिता को काफी आराम मिला। डॉ. रेंगे ने बताया कि आयुर्वेदिक उपचार और पंचकर्म तकनीकों से मरीज की हालत में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

### डॉक्टर का संदेश

जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार ने नागरिकों से अपील की है कि घुटने के दर्द के लिए एलोपैथिक उपचार को प्राथमिकता दी जाती है, लेकिन आयुर्वेदिक उपचार भी प्रभावी हो सकता है। उन्होंने नियमित व्यायाम, प्राणायाम, योग, समय पर भोजन और बाहर के भोजन से बचने जैसे उपाय अपनाने की सलाह दी। इस प्रकार सिविल अस्पताल का आयुष विभाग घुटने के दर्द जैसी समस्याओं के लिए एक प्रभावी और किफायती समाधान प्रदान कर रहा है।

# पुलिस ने बुजुर्ग दंपती की 10 मिनट में बचा ली जान

## दंपती करने जा रहा था सुसाइड, भतीजे ने दी पुलिस को सूचना

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में एक बुजुर्ग दंपती ने आत्महत्या करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस और ठाणे नगर निगम की आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उनकी जान बचा ली। गुरुवार को घटना की जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि दंपती की जान महज 10 मिनट में बचाई गई।



### भतीजे ने दी पुलिस को सूचना

यह घटना बुधवार रात की है, जब दंपती के भतीजे ने कासरवडावली पुलिस को सूचना दी कि उनका चाचा और चाची आत्महत्या करने जा रहे हैं। भतीजे ने पुलिस को बताया कि दंपती वाघबिल इलाके के एक इमारत की सातवीं मंजिल पर स्थित अपने घर की छत से लटक कर जान देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने तुरंत ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ को सतर्क किया।

### स्वास्थ्य समस्याओं के कारण लिया आत्महत्या का निर्णय

दंपती, 70 वर्षीय व्यक्ति और उनकी 65 वर्षीय पत्नी, लंबे समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे और इसी कारण उन्होंने एक साथ आत्महत्या करने का निर्णय लिया। दंपती ने अपनी योजना के बारे में भतीजे को एसएमएस भेजा, जिसके बाद भतीजे ने पुलिस को सूचित किया।

### त्वरित बचाव अभियान

सूचना मिलते ही पुलिस और आपातकालीन बचाव टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, जब वे दंपती के अपार्टमेंट पहुंचे, तो वह अंदर से बंद था। फिर बचावकर्मियों ने बगल के फ्लैट से खिड़की के रास्ते अपार्टमेंट में प्रवेश किया। उन्होंने दंपती को आत्महत्या करने से रोका और उन्हें बचा लिया। बचाव कार्य में सिर्फ 10 मिनट का समय लगा।

### परामर्श और आत्महत्या के प्रयास को रोकना

बचाव दल और पुलिस ने दंपती को तात्कालिक परामर्श दिया और उन्हें समझाया कि वे स्वयं को कोई नुकसान न पहुंचाएं।

# भिवंडी दरगाह दीवानशाह पर पत्रकारों ने चढ़ाई चादर

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**



प्रसिद्ध दरगाह दीवान शाह बाबा का 361वां उर्स भव्य श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भिवंडी के पत्रकारों ने पत्रकार सब्बीर खान के नेतृत्व में संदल निकालकर मजार-ए-मुबारक पर चादर पेश की। उन्होंने देश, राज्य और भिवंडी शहर में अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। पत्रकार सब्बीर खान ने बताया कि वह पिछले आठ वर्षों से यह परंपरा निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू-मुस्लिम सभी पत्रकार मिलकर अकीदत से मजार-ए-मुबारक पर चादर चढ़ाते हैं और देश और शहर की खुशहाली के लिए दुआ मांगते हैं।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कई पत्रकार उपस्थित रहे, जिनमें आसिफ अंसारी, परवीन खान, रेशमा अंसारी, भगवान विश्वकर्मा, वसीम खान, परसू रामपाल, इलियास शेख, शाबान शेख, सरफराज शेख, जलील हाश्मी, काशिफ अंसारी और रहमान अंसारी प्रमुख थे। इस धार्मिक आयोजन ने भिवंडी के विभिन्न समुदायों के बीच एकता और भाईचारे का संदेश दिया।

# आगामी महानगरपालिका चुनाव में उत्तर भारतीय समाज को प्रतिनिधित्व दिया जाए

- भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा की मांग

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा, भिवंडी शहर जिला के अध्यक्ष मंगेश यादव ने आगामी भिवंडी महानगरपालिका चुनावों में उत्तर भारतीय समाज के अधिकारों और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने भाजपा भिवंडी शहर जिला अध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल से मुलाकात कर यह अपील की। यादव ने कम से कम 10 सीटों पर उत्तर भारतीय समाज के उम्मीदवारों को टिकट दिए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया और एक ज्ञापन भी सौंपा।



### सक्रिय भागीदारी जरूरी

मंगेश यादव ने कहा कि उत्तर भारतीय समाज के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने और उनके समाधान के लिए चुनावों में उनकी सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने कहा, समाज के अधिकारों को सुरक्षित रखने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए महानगरपालिका में प्रतिनिधित्व मिलना अनिवार्य है।

### भाजपा का आश्वासन

भाजपा भिवंडी शहर जिल्हाध्यक्ष एडवोकेट हर्षल पाटिल ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए कहा कि पार्टी सभी वर्गों के अधिकारों के प्रति प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, उत्तर भारतीय समाज का भिवंडी में महत्वपूर्ण योगदान है। आपकी मांग पर गहराई से विचार किया जाएगा। योग्य उम्मीदवारों की सूची हमें दें, जिनका सर्वेक्षण कर उनकी उम्मीदवारी तय की जाएगी।

### उपस्थित पदाधिकारी

ज्ञापन सौंपने के दौरान भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी पी. डी. यादव, बृजेश पांडे, जियालाल गुप्ता, दिलीप गुप्ता, नंदन गुप्ता, रामनारायण सोनी, धीरेंद्र पाल, मुकेश चौबे, राकेश पाल और ओंकार पांडे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। उत्तर भारतीय समाज को इस पहल से उम्मीद है कि उनकी समस्याओं को भिवंडी महानगरपालिका में उचित प्रतिनिधित्व और सक्रिय भागीदारी के जरिए सुलझाया जा सकेगा।

# अखिल महाराष्ट्र उर्दू भाषण प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल को प्रथम पुरस्कार

- भिवंडी के छात्र ने जीता प्रथम पुरस्कार

**डीबीडी संवाददाता | भिवंडी**

नेशनल उर्दू हाई स्कूल, अंबरनाथ, जिला ठाणे में आयोजित अखिल महाराष्ट्र उर्दू भाषण प्रतियोगिता में भिवंडी के रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कॉलेज के सातवीं कक्षा के छात्र मोमिन अशबर एजाज ने ₹किरदार के ग़ाज़ी₹ विषय पर एक प्रभावशाली और भावपूर्ण भाषण प्रस्तुत किया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण, उन्हें प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही, उन्हें शानदार भाषण प्रस्तुति के लिए सर्वश्रेष्ठ वक्ता की ट्रॉफी भी दी गई।



### प्रतियोगिता में 40 स्कूलों के 80 छात्र-छात्राओं का भागीदारी

इस प्रतियोगिता में महाराष्ट्र के विभिन्न शहरों जैसे मालेगांव, धुलिया, नासिक, पुणे, मुंबई, ठाणे, कल्याण, मुंब्रा, और भिवंडी के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कुल 40 स्कूलों के 80 छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

### मार्गदर्शन का अहम योगदान

मोमिन अशबर एजाज को इस शानदार उपलब्धि तक पहुँचाने में उनका मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक अंसारी मुहम्मद कामिल मुहम्मद सालिक सर का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### समारोह में मौजूद पदाधिकारी और स्टाफ सदस्य

इस खुशियों भरे मौके पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, उपप्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक प्रधानाध्यापक मुखलिस मद्रू, पर्यवेक्षक असरार पठान, सिब्तैन कशेलकर और वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र के समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्र मोमिन अशबर एजाज और उनके मार्गदर्शक शिक्षक मुहम्मद कामिल अंसारी को इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## नाबालिग लड़की का अपहरण-हत्या मामला

# मुख्य आरोपी को दो जनवरी तक की पुलिस हिरासत

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**

महाराष्ट्र के कल्याण में 12 वर्षीय नाबालिग लड़की के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी विशाल गवली को बुलढाणा से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, विशाल गवली को बुधवार को बुलढाणा के शेगांव से गिरफ्तार किया गया और गुरुवार को ठाणे लाया गया। अपराध शाखा के अधिकारी ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी करने के बाद विशाल को ठाणे शहर में पुलिस हिरासत में रखा गया, और फिर उसे कल्याण की अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।





### अपहरण और हत्या का विवरण

सोमवार को नाबालिग लड़की को उसके घर के बाहर से अपहरण कर लिया गया था। अगले दिन, मंगलवार सुबह करीब 10 बजे, भिवंडी के पास बापगांव में एक कब्रिस्तान के पास उसकी लाश मिली। हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, और यदि रिपोर्ट में दुष्कर्म की पुष्टि होती है तो अन्य कानूनी धाराएं जोड़ी जाएंगी।

### आरोपी विशाल गवली की पहचान छिपाने की कोशिश

पुलिस ने विशाल गवली को उस समय गिरफ्तार किया जब वह अपनी पहचान छिपाने के लिए दाढ़ी बनवाकर एक सैलून से बाहर निकला था। पुलिस ने गवली की मेडिकल जांच बुलढाणा में कराई और फिर उसे ठाणे लाया।

### अंतरविरोधी जांच और अन्य गिरफ्तारियां

पुलिस ने इस मामले में विशाल गवली के अलावा, उसकी पत्नी साक्षी और एक अन्य व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। साक्षी को बुधवार को स्थानीय मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिसके बाद उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस अब तक आरोपियों के रिश्तेदारों और मित्रों से पूछताछ कर चुकी है, लेकिन हत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है।

# शिवसैनिक ही रच रहे थे शिवसेना विधायक की हत्या की साजिश!

- पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार
- सीनियर नेताओं की तरफ घूमी शक की सुई!

**डीबीडी संवाददाता | अंबरनाथ**

अंबरनाथ के शिवसेना विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की हत्या की सुपारी दिए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में ठाणे क्राइम ब्रांच की टीम ने अब तक 2 युवकों को हिरासत में लिया है साथ ही वह कुछ अन्य लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं, क्राइम ब्रांच द्वारा विधायक डॉ. बालाजी किणीकर की सुपारी मामले में अंबरनाथ नपा के एक पूर्व अध्यक्ष व एक पूर्व उपाध्यक्ष को नोटिस जारी की गई है। यह दोनों की अंबरनाथ के वरिष्ठ शिव सेना नेता हैं। डॉ. बालाजी किणीकर चौथी बार विधायक बने है।



### स्थानीय सियासत में गर्माहट

शिवसेना के विधायक डॉ. किणीकर को जान से मारने को लेकर जिनको पुलिस ने पकड़ा है वह दोनों शिव सैनिक हैं तथा जिनको जांच के लिए नोटिस देकर बुलाया गया है वह भी शिवसेना के निष्ठवानों की सूची में आते हैं। शिवसेना के बड़े नेताओं को जांच के लिए तलब किए जाने से शहर में लंबे अर्से बाद एक बार फिर से राजनीति गर्मा गई है।

### 90 के दशक में चला था खूनी संघर्ष

अंबरनाथ का राजनीतिक इतिहास रक्तरंजित रहा है. जानकारी के अनुसार 1990 के दशक में शिवसेना व समता सेना के बीच खूनी संघर्ष चला था। इसके बाद राजनीतिक हत्याओं का दौर चला जिसमें आधा दर्जन हत्याएं हुईं।

### इन नेताओं की हुई थी हत्या

इसमें नगरसेवक आरपीआई के नरेश गायकवाड़, भाजपा के वसंत पांढरे, शिवसेना के प्रसन्न कुलकर्णी, नितिन वारिंगे, रमेश गुंजाल का समावेश है वही समता सेना व शिवसेना के संघर्ष में शिवसेना के देवराम वालुंज, किशोर सुले, रमेश गोसावी, समता सेना के दीपक जाधव, अरुण जाधव की हत्याए भी शहर की राजनीति में वर्चस्व को लेकर हुई है।

### आज अंबरनाथ लौटेंगे विधायक डॉ. बालाजी किणीकर

विधायक डॉ. बालाजी किणीकर अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए अपने पैतृक गांव लातूर गए हुए हैं। शुक्रवार को विधायक के अंबरनाथ लौटने की जानकारी है। विधायक किणीकर ने मोबाइल पर स्थानीय पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्हे उनके एक भरोसेमंद कार्यकर्ता ने सबसे पहले बताया था कि उनकी हत्या का षड्यंत्र रचा जा रहा है।

# 27 दिसंबर को भूमि सर्वेक्षण पत्र वितरण कार्यक्रम

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 को शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत 27 दिसंबर 2024 को जिला योजना भवन में भूमि सर्वेक्षण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में घरों के लिए स्वामित्व प्रमाणपत्र प्रदान करना है, जिससे ग्रामीण वासियों को उनके संपत्ति पर अधिकार मिलता है।




### स्वामित्व योजना का उद्देश्य और लाभ

स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन आधारित मैपिंग तकनीक का उपयोग करके घरों का सर्वेक्षण किया जाता है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति प्रमाणपत्रों का वितरण करना है, जिससे लोगों को वित्तीय समावेशन, ऋण तक पहुंच और समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास में मदद मिलती है। यह योजना ग्रामीण वासियों के लिए संपत्ति संबंधी दस्तावेजों की सुरक्षा और अधिकारों की पुष्टि का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 दिसंबर को सुबह 11 बजे इस योजना के तहत 50 लाख से अधिक मकान मालिकों को संपत्ति प्रमाण पत्र का ई-वितरण करेंगे और लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। इसके बाद, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे और योजना के तहत लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। स्वामित्व योजना के तहत ठाणे जिले के कल्याण, शाहपुर, भिवंडी, अंबरनाथ सहित कुल 43 गांवों में भूमि सर्वेक्षण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन सुबह 11 बजे किया जाएगा। इस कार्यक्रम की जानकारी जिला भूमि अभिलेख अधीक्षक बाबासाहेब रेडेकर ने दी है।

# बीएमसी चुनाव से पहले उद्धव ने शुरू की तीन दिवसीय समीक्षा

## शिवसेना (UBT) का जनाधार मजबूत करने की दिशा में उद्धव की पहल



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मुंबई में पार्टी के जनाधार और सियासी स्थिति का आकलन करने के लिए तीन दिवसीय समीक्षा शुरू की है। उद्धव के करीबी सहयोगियों के अनुसार, यह अभ्यास आगामी नगर निकाय चुनाव से पहले पार्टी की चुनावी तैयारियों और सियासी समीकरणों की समीक्षा करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद पुनर्निर्माण की प्रक्रिया

करीब दो महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में मुंबई की 36 सीटों में से शिवसेना (UBT) ने 21 सीटों पर चुनाव लड़ा, जिसमें से 11 सीटों पर उसे हार का सामना करना पड़ा। एकनाथ शिंदे की बगावत के बाद पार्टी दो धड़ों में बंट गई थी और अब शिवसेना (UBT) अपना जनाधार फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रही है।

### नगर निकाय चुनाव की तैयारियों का लेंगे जायजा

उद्धव ठाकरे की इस तीन दिवसीय समीक्षा में पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा, जिसमें मुंबई के सभी 227 नगर निगम वार्डों के चुनावी समीकरण पर चर्चा की जाएगी। यह समीक्षा शिवसेना (UBT) के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि आगामी बीएमसी चुनाव से पहले पार्टी को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी है।

### सुप्रीम कोर्ट का ओबीसी आरक्षण पर फैसला अहम

इस बीच, बीएमसी और अन्य स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण से जुड़े एक मामले पर सुप्रीम कोर्ट में विचार चल रहा है। अगर जनवरी में शीर्ष अदालत ओबीसी कोटे पर अपना फैसला सुनाती है, तो बीएमसी और अन्य निकाय चुनाव मार्च या अप्रैल 2025 में हो सकते हैं।

# सुशासन से एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था मजबूत होगी:सीएम

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने विश्वास जताया है कि सुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का मार्ग मजबूत होगा। उनका कहना है कि किसी राज्य की प्रगति उसके 'ईज ऑफ लिविंग' (जीवन जीने की सरलता) पर निर्भर करती है, और इसलिए राज्य सरकार इस दिशा में प्राथमिकता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य के सुशासन का पैमाना यह है कि नागरिकों को विभिन्न सरकारी सेवाएँ समय पर मिल रही हैं या नहीं।



### डिस्ट्रिक्ट गवर्नेंस इंडेक्स में जिलेवार शीर्ष पांच जिले

**कृषि और संबद्ध क्षेत्र:** अमरावती, वाशिम, छत्रपति संभाजीनगर, लातूर, परभणी
**वाणिज्य और उद्योग:** मुंबई शहर, रायगढ़, पुणे, पालघर, ठाणे
**जनशक्ति विकास:** नासिक, गोंदिया, पुणे, यवतमाल, सतारा
**सार्वजनिक स्वास्थ्य**: सिंधुदुर्ग, मुंबई उपनगर, पालघर, बीड, रत्नागिरी
**बुनियादी ढांचा**: लातूर, नासिक, बुलढाणा, चंद्रपुर, हिंगोली
**सामाजिक विकास:** गोंदिया, अमरावती, नासिक, धुले, नागपुर
**आर्थिक प्रशासन:** मुंबई उपनगर, मुंबई शहर, रायगढ़, जलगांव, भंडारा
**न्यायपालिका और सुरक्षा:** मुंबई उपनगर, मुंबई शहर, नागपुर, गढ़चिरौली, रायगढ़
**पर्यावरण:** सांगली, छत्रपति संभाजीनगर, सोलापुर, मुंबई शहर, मुंबई उपनगर
**जन केंद्रित प्रशासन:** नासिक, वाशिम, यवतमाल, बुलढाणा, अमरावती

### महाराष्ट्र जिला सुशासन सूचकांक रिपोर्ट का अनावरण

मुख्यमंत्री फड़णवीस ने महाराष्ट्र जिला सुशासन सूचकांक 2024 रिपोर्ट का अनावरण सह्याद्री गेस्ट हाउस में किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खड़गे, योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजगोपाल देवड़ा, और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। टेलीविजन संचार प्रणाली के माध्यम से केंद्र सरकार के प्रशासनिक सुधार और नागरिक शिकायत विभाग के सचिव श्रीनिवास ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।

### सभी जिलों के प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग से तैयार किया गया जिला सुशासन सूचकांक विभिन्न क्षेत्रों के मापदंडों के आधार पर सुशासन की स्थिति को दर्शाता है। यह सूचकांक एक व्यापक प्रणाली है, जो जिलों के प्रदर्शन में सुधार की गुंजाइश भी प्रदान करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में सर्वाधिक स्कोर करने वाले जिलों और सबसे कम स्कोर करने वाले जिलों के बीच अंतर कम हो रहा है, जिससे सभी जिले प्रगति की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने जिलों के अच्छे प्रदर्शन के लिए सराहना की और गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी जिलों के प्रशासन पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया।

# युगेंद्र को मतों की फिर से गणना की मांग नहीं करनी चाहिए: सुप्रिया सुले

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव खत्म हुए एक महीने से ज्यादा वक्त हो चुका है, लेकिन तमाम दलों की तरफ से चुनाव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का दौर अभी भी बरकरार है। इस कड़ी में राज्य की बारामती विधानसभा सीट से हारे एनसीपी शरद गुट के उम्मीदवार युगेंद्र पवार ने विधानसभा में फिर से मतों के गिनती की मांग की है। बता दें कि, राज्य के विधानसभा चुनाव के दौरान सबसे हॉट सीट में शुमार बारामती विधानसभा सीट से एनसीपी अध्यक्ष और अजित पवार ने जीत हासिल की थी।



### युगेंद्र पवार ने की थी मतों के गणना की मांग

वहीं, युगेंद्र पवार के फिर से मतों की गणना करने के आवेदन दिए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, यह मेरा निजी विचार है कि युगेंद्र पवार (बारामती विधानसभा से हारे हुए उम्मीदवार) को मतों की पुनर्गणना की मांग नहीं करनी चाहिए। इसलिए, मैंने उनसे पुनर्गणना के लिए आवेदन वापस लेने को कहा और उन्होंने ऐसा किया है।

### ईवीएम विवाद पर सुप्रिया सुले ने कही बड़ी बात

एनसीपी-एसपी सांसद सुप्रिया सुले ने आगे कहा, जब मैं चार बार ईवीएम के माध्यम से निर्वाचित हुई हूं, तो मैं कैसे कह सकती हूं कि इसमें कोई घोटाला है...हालांकि कई लोग कह रहे हैं कि मतदाता सूची पर कई सवाल हैं...इसलिए, मेरा मानना है कि अगर चीजें पारदर्शी तरीके से होती हैं, चाहे वह ईवीएम हो या मतपत्र, तो इसमें क्या समस्या है? अगर लोग बैलेट पेपर से चुनाव करवाना चाहते हैं तो बैलेट पेपर से ही चुनाव करवाएं, इसमें क्या समस्या है?

### बारामती में चाचा-भतीजे में था मुकाबला

बारामती विधानसभा सीट पर चाचा-भतीजे के बीच मुकाबला देखने को मिला था, जिसमें चाचा अजित पवार ने बाजी मारते हुए 10 लाख 899 वोटों से भतीजे युगेंद्र पवार को हराया था। चुनाव में अजित पवार को कुल 18 लाख एक हजार 132 वोट मिले थे।

# मुंबई में 8.89 करोड़ की लेम्बोर्गिनी में लगी आग

## गौतम सिंघानिया ने सुरक्षा पर छेड़ी बहस

**मुंबई।** मुंबई में बुधवार, 25 दिसंबर की देर रात एक लेम्बोर्गिनी लग्जरी कार में आग लग गई। यह घटना कोस्टल रोड पर रात करीब 10:20 बजे हुई जब लेम्बोर्गिनी रेवुल्टो लग्जरी कार से धुआं निकलता देखा गया। इस वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम सिंघानिया ने शेयर किया है, जो इतालवी लग्जरी कार निर्माता द्वारा बेचे जाने वाले वाहनों की सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से आलोचनात्मक रहे हैं।

### करोड़ों की कार में आग



वीडियो में नारंगी रंग की लेम्बोर्गिनी रेवुएल्टो में आग लगी हुई दिखाई दे रही है। जबकि एक व्यक्ति हौजपाइप से आग बुझाने की कोशिश कर रहा है। दमकल की मदद से 45 मिनट में आग पर काबू पा लिया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

### सिंघानिया ने शेयर किया वीडियो

सिंघानिया ने लेम्बोर्गिनी की लग्जरी कारों के बारे में सुरक्षा संबंधी चिंताएं उठाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स का सहारा लिया।
उन्होंने लिखा, इस तरह की घटनाएं लेम्बोर्गिनी की विश्वसनीयता और सुरक्षा मानकों के बारे में गंभीर चिंताएं पैदा करती हैं। कीमत और प्रतिष्ठा के लिए, कोई भी समझौता न करने वाली गुणवत्ता की उम्मीद करता है - संभावित खतरों की नहीं।₹ अपने शानदार कार कलेक्शन के लिए जाने जाने वाले सिंघानिया ने पहले भी इसी मॉडल की टेस्ट ड्राइव के दौरान चिंताएं जताई थीं और इस मुद्दे के बारे में शिकायत की थी।

# जोगेश्वरी में बस सेवा की मांग

## आवागमन की समस्या से जूझ रहे हैं छात्र और कामगार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

जोगेश्वरी पूर्व के कोकण नगर, सर्वोदय नगर, एमएचबी कॉलनी, इंदिरा नगर, संजय नगर, गोणी नगर और मेघवाड़ी के निवासियों को बेस्ट बस सेवा की कमी के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इन क्षेत्रों से एमआईडीसी और सिप्ज अंधेरी तक जाने के लिए कोई बस सेवा उपलब्ध नहीं है, जिससे यहां के छात्रों, कामगारों और नागरिकों को रोजाना आवागमन में समय और पैसे का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है।



### समस्या का समाधान: बेस्ट से तत्काल कार्रवाई की मांग

जोगेश्वरी सिटिजन फाउंडेशन ने इस गंभीर समस्या को लेकर बेस्ट प्रबंधन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। फाउंडेशन का कहना है कि अगर बस सेवा शुरू की जाती है, तो इससे नागरिकों को न केवल समय की बचत होगी, बल्कि उनके यात्रा खर्चों में भी कमी आएगी। संस्था का दावा है कि बृहन्मुंबई महानगरपालिका अधिनियम, 1888 के तहत बीएमसी का दायित्व है कि वह नागरिकों को आवश्यक सेवाएं प्रदान करे।

### विधायक से मदद की अपील

फाउंडेशन के अध्यक्ष मयूर मोरये ने बताया कि इस मुद्दे पर क्षेत्रीय विधायक अनंत नर से भी मदद मांगी गई थी। उन्होंने कहा कि बेस्ट प्रबंधन को मार्ग का तकनीकी और भौगोलिक सर्वेक्षण कर यात्रियों की जरूरतों का आकलन करना चाहिए। फाउंडेशन ने बेस्ट प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि अब तक इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। संस्था ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे लोकायुक्त से शिकायत करने पर मजबूर होंगे।
अब सभी की नजरें बेस्ट प्रबंधन की कार्रवाई पर टिकी हैं, जो जोगेश्वरी के निवासियों की इस लंबे समय से चली आ रही समस्या का समाधान कर सकती है।

# बॉम्बे हाई कोर्ट से मां को मिली जमानत

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

अपने ही 14 महीने के बच्चे की हत्या के आरोप में छह साल से अधिक समय से जेल में बंद एक महिला को बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत दे दी है। जस्टिस मनीष पितले की बेंच ने 14 दिसंबर को आदेश सुनाते हुए संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत त्वरित सुनवाई के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में रेखांकित किया।
आरोपी ममता यादव को ठाणे के नारपोली पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर के सिलसिले में 1 फरवरी, 2019 को गिरफ्तार किया गया था। मामला उसके पति ने दर्ज कराया था। उस पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 34 के साथ धारा 302 (हत्या) और 201 (साक्ष्यों को गायब करना) के तहत आरोप लगाए गए थे।

### 14 महीने के बच्चे का गला घोंटने का आरोप



आरोप है कि ममता का अफेयर चल रहा था और इसलिए उसने अपने 14 महीने के बच्चे का गला घोंट दिया। प्रॉसिक्यूशन ने दावा किया है कि ममता ने न केवल अपने बच्चे का गला घोंटा, बल्कि उसके शव को दफनाकर ठिकाने लगाने का भी प्रयास किया। इस मामले में तीन आरोपी शामिल हैं, जिनमें से एक किशोर था जिसने बच्चे के शव को दफनाने में मदद की थी।

### क्या है पूरा मामला?

प्रॉसिक्यूशन ने कहा कि ममता यादव ने मार्च 2016 में वीरेंद्र कुमार (28) से शादी की थी और दंपति का एक बेटा था। तीनों भिवंडी के दापोड़ा गांव में रहते थे। वीरेंद्र एक गोदाम में काम करता था। ममता यादव पर आरोप है कि उसका उसके पड़ोस में रहने वाले राकेश पटेल के साथ अफेयर था। नवंबर में वह उसके साथ उत्तर प्रदेश के एक गांव में भाग गई थी। वे भिवंडी लौटे और ममता राकेश और उसके 1 साल के बेटे आर्यन के साथ रहनी लगी।
कुछ दिनों बाद वीरेंद्र ने जब बच्चे को ममता के साथ नहीं देखा तो उसे शक हुआ। उसने उससे पूछताछ की लेकिन जब ममता ने गोलमोल जवाब दिए तो शक और पुख्ता हो गया। फिर वीरेंद्र ने मामला दर्ज कराया। बाद में बच्चे का शव मौके से बरामद गया।अधिवक्ता अमित इचाम और चैतन्य पुरनकर ने तर्क दिया कि मुकदमे में कोई ठोस प्रगति न होने के बावजूद ममता पहले ही छह साल से अधिक समय जेल में बिता चुकी है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2019 में आरोप तय होने के बावजूद, आज तक एक भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है।

# फैमिली के साथ दुबई पहुंचे रामदास आठवले

## मरीना बीच की फोटा साझा की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष और केंद्र में मंत्री रामदास आठवले इन दिनों दुबई की यात्रा पर हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर खुद केंद्रीय मंत्री ने तस्वीरों के साथ अपडेट साझा किया है। आठवले ने लिखा है कि परिवार के साथ दुबई के मरीना बीच पर। उन्होंने चार तस्वीरें साझा की है। आठवले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री हैं। महाराष्ट्र के प्रमुख दलित नेताओं में शामिल आठवले वर्तमान में राज्य सभा के सदस्य हैं। यह तस्वीरें उन्होंने 26 दिसंबर की सुबह साझा कीं। ऐसा माना जा रहा है कि उनहोंने परिवार के साथ अपना जन्मदिन मरीना बीच पर मनाया।



IDBI BANK
**आईडीबीआई बैंक लिमिटेड**
अंजुरफाटा शाखा के सभी मूल्यवान ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि शाखा दिनांक 30.12.2024 से नए स्थान पर स्थानांतरित हो जाएगी।
**नया पता**
शत्रुंजय हाइट्स, ग्राउंड फ्लोर, गाला क्र. 5, 15, 6 और 16, बॉम्बे केंब्रिज स्कूल के सामने, अंजुरफाटा, भिवंडी- 421302 थाने महाराष्ट्र.

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
निविदा हेतु अनुरोध – एमआरवीसी / डब्लू / 223 आर
(दो लिफाफा ई – प्रोक्योंरमेंट निविदा प्रक्रिया)
**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लि.**, कॉर्पोरेट कार्यालय, दुसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई - 400 020, द्वारा “मुंबई शहरी परिवहन परियोजना (एमयूटीपी) - चरण - IIIA के तहत पश्चिम रेलवे के बोरीवली-विरार स्टेशनों के बीच प्रस्तावित 5वीं और 6वीं लाइन के संबंध में बोरीवली स्टेशन और नालासोपारा स्टेशन के बीच के खंड में प्रमुख पुलों (Br. 66, 72 और 78), वसई में आरओबी, वाहन सबवे (Br. 71), छोटे पुलों (Br. 79, 79A), नाली (CH: 54836 से CH: 55336) और निर्माण में मिट्टी का काम (CH: 38850 से CH: 39750 और CH: 53300 से CH: 55750) का निर्माण कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करता है।” निविदा और निविदा दस्तावेजों का विवरण ई-खरीद वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** (Tender ID-2024_MRVC_841402_1) पर उपलब्ध है। वेबसाइट **https://eprocure.gov.in/eprocure/app** पर पूर्ण ई-निविदा प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 28 जनवरी 2025 को 15.00 बजे** या उससे पहले है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही होस्ट किया जाएगा।

**पश्चिम रेलवे ने 02 जोड़ी विशेष ट्रेनों के फेरे बढ़ाए**

| ट्रेन संख्या | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | चलने के दिन | विस्तारित दिनांक |
|---|---|---|---|
| 09049 | दादर - भुसावल (साप्ताहिक विशेष) | शुक्रवार | 03 जनवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 |
| 09050 | भुसावल-दादर (साप्ताहिक विशेष) | शुक्रवार | 03 जनवरी, 2025 से 28 मार्च, 2025 |
| 09051 | दादर - भुसावल (त्रि-साप्ताहिक विशेष) | सोमवार, बुधवार और शनिवार | 01 जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2025 |
| 09052 | भुसावल - दादर (त्रि-साप्ताहिक विशेष) | सोमवार, बुधवार और शनिवार | 04 जनवरी, 2025 से 31 मार्च, 2025 |

ट्रेन संख्या 09049 और 09051 की विस्तारित यात्राओं की बुकिंग 27.12.2024 को पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर खुलेगी। समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जा सकते हैं

उपर्युक्त ट्रेनें विशेष किराए पर विशेष ट्रेनों के रूप में चलेंगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly
हमें फॉलो करें: X.com/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान प्रमाण साथ रखें

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, मुंबई - 400 007.
**ACD/A. E. (S.W.M)/D/3132/dt-26.12.2024**
**ई.ओ.ई.**

जोबनपुत्रा कंपाउंड, नाना चौक, मुंबई - 400 007 स्थित सहायक आयुक्त, “डी” वार्ड “डी वार्ड में हाउसकीपिंग कार्य के लिए एनजीओ श्रमिक उपलब्ध कराने” के लिए सीलबंद कोटेशन आमंत्रित करता है। खाली कोटेशन फॉर्म सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम) 'डी' वार्ड के पास 27.12.2024 से 02.01.2025 तक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे के बीच उपलब्ध होंगे। डी वार्ड में समान प्रकार के कार्य अनुभव वाले कोटेशनकर्ता को वरीयता दी जाएगी।

मोम से सीलबंद कोटेशन सहायक आयुक्त 'डी' वार्ड के कार्यालय में नियत तिथि अर्थात 02.01.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक पहुंच जाना चाहिए और उसी दिन शाम 4.00 बजे खोला जाएगा।

कोटेशन दस्तावेज डाक से नहीं भेजे जाएंगे।

हस्ता./-
पीआरओ/2080 /विज्ञा./2024-25 सहायक अभियंता (एसडब्ल्यूएम)'डी वार्ड

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**
**कस्तूरबा अस्पताल**
साने गुरुजी मार्ग, मुंबई-400011
सं. एचओ/8131/केएच दिनांक 25-12-25

**ई-निविदा सूचना**

नीचे दिए गए कार्य के लिए चिकित्सा अधीक्षक - कस्तूरबा अस्पताल द्वारा बीएमसी के मनपाआयुक्त के लिए और उनकी ओर से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| अ. क्र. | बोली संख्या | वस्तु का नाम | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2024_MCGM_1125963 | ई-निविदा कस्तूरबा अस्पताल में बैंडेज कपड़ा 1x 20 मीटर, कॉटन वूल अवशोषक प्लेन 500 ग्राम, गॉज 18 मीटर सफेद ,की खरीद। | मात्रा के बिल के अनुसार(BOQ) |

बोली प्रारंभः 27.12.2024 को 10:00 बजे। बोली समाप्तिः 06.01.2025 को 16:00 बजे।

संपर्क अधिकारीः डॉ. चंद्रकांत पी. पवार, चिकित्सा अधीक्षक अस्पताल। कस्तूरबा

दूरभाषः 022-23027769 ई-मेल:ms01kasturba.phd@mcgm.gov.in

बोली निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए। संपूर्ण ई-निविदा दस्तावेज महाटेंडर के पोर्टल https://mahatenders.gov.in/ पर उपलब्ध हैं।

हस्ता./-
पीआरओ/ 2075 / विज्ञा./2024-25 चिकित्सा अधीक्षक कस्तूरबा अस्पताल

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# वक्त की आवाज़

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अमरावती में दिए वक्तव्य में धर्म के नाम पर पैदा की जा रही गलतफहमियां दूर करने की बात कही। उन्होंने कहा कि राममंदिर बनना तो ठीक है लेकिन इस तरह के नये-नये मंदिर विवाद खड़ा करना देश की सामाजिक समरसता के लिये ठीक नहीं है। उन्होंने स्वीकारा कि विविधता हमारा वर्तमान तो है लेकिन ये हमारे अतीत का हिस्सा भी रहा है। देश में विभिन्न धर्म-संस्कृति के लोग आते रहे हैं। प्रारंभिक मतभेद और कटुता को दूर करके भारतीय संस्कृति का हिस्सा बनते रहे हैं। जिससे विविधता के बीच एकता के सूत्र विकसित होते रहे हैं। यही वजह है कि बाद में कानून के जरिये तय हुआ कि आजादी के वक्त पूजा स्थल का जैसा स्वरूप रहा, उसे यथास्थिति में बनाये रखा जाये। निश्चित रूप से ऐसे विवादों को हवा देने से सामाजिक समरसता पर आंच आएगी व देश का विकास बाधित होगा। इसके बाद जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य व कतिपय अन्य धर्मगुरुओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने बयान को भागवत की निजी राय बताया। निश्चित रूप से भागवत का बयान समय की आवाज है और बकौल भागवत धर्म की सतही समझ से सांप्रदायिक कट्टरता को बढ़ावा मिलता है। लेकिन यह बात विचारणीय है कि भागवत के बयान के विरोध में तो आवाजें उठी, लेकिन संघ प्रमुख के बयान के समर्थन में संघ के आनुषंगिक संगठनों व भाजपा नेताओं की तरफ से कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं आई। जबकि प्रधानमंत्री व गृहमंत्री अमित शाह के ऐसे बयानों के समर्थन में पार्टी नेताओं में बयानबाजी की होड़ पैदा हो जाती है। समय की मांग है कि संघ प्रमुख के बयान में निहित संदेश को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि संघ की स्थापना के मूल में हिंदुत्व की विचारधारा रही है। यही इस संगठन का आधार भी रहा है। ऐसे में जब संगठन की तरफ से प्रगतिशील विचार सामने आता है तो उसे सुना जाना चाहिए। उसका स्वागत किया जाना चाहिए। निस्संदेह, धर्म एक जटिल मुद्दा है और इसके वास्तविक स्वरूप को समझे जाने में चूक होने की आशंका बनी रहती है। जिसके चलते सांप्रदायिकता को बढ़ावा मिलने की आशंका बलवती होती है। वहीं सवाल उठता है कि क्या भागवत के बयान वाला दृष्टिकोण संगठन में उदारवादी व सख्त नीति के बीच विभाजित हो रहा है? यही वजह है कि संघ व भाजपा नेताओं की तरफ से इस बयान को सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिला है। इस बयान को बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद वहां कट्टरपंथियों के वर्चस्व के रूप में देखा जा सकता है। भागवत की चिंताओं को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए। पूरी दुनिया में इस्लामिक कट्टरता के चलते संप्रदाय को अतिवाद के पोषक के रूप में देखा जाता रहा है। जिसके चलते इसकी छवि धूमिल हुई है। ऐसे ही यदि बहुसांस्कृतिक देश में कट्टरवाद को प्रश्रय दिया जाता है तो वैश्विक संदर्भ में देश की छवि पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। धर्म विशेष के नाम पर दुनिया में आतंकवाद की जो मुहिम चली है, उससे धर्म को हिंसा के पर्याय के रूप में देखा जाने लगा है। जिसको लेकर धारणा बनी है कि इससे धर्म की गलत व्याख्या की जा रही है। निश्चित रूप से ऐसे ध्रुवीकरण के प्रयासों से देश में विकास का एजेंडा हाशिये पर चला जाएगा। इसे उत्तर प्रदेश के उदाहरण के तौर पर देखा जाना चाहिए जहां नित नये विवादों को तूल देने के कारण सांप्रदायिक तनाव में वृद्धि देखी गई। उदाहरण के तौर पर संभल में हुई घटना को देखा जा सकता है, जहां हिंसा में चार लोगों की जान चली गई थी। ऐसे कृत्यों से भारत के विश्वगुरु बनने के दावे तथा वसुधैव कुटुंबकम की सनातन परंपरा पर आंच आती है। जिसके लिए जरूरी है कि हमें अपनी बात को ऊंचा रखकर दूसरे विचार की अनदेखी की जिद से बचना होगा। हम अपनी आस्था का ख्याल तो रखें लेकिन साथ ही दूसरे पक्ष के विचार का भी सम्मान करें। ऐसे में देश के कर्णधारों को चाहिए कि वे सत्ता पर काबिज रहने के लिये धार्मिक कट्टरता को बढ़ावा देने की प्रवृत्ति से बचें।

# एआई व चिकित्सा क्षेत्र में क्रांति की जगी उम्मीद


पिछले दिनों गूगल ने अपनी एक क्रांतिकारी क्वांटम चिप 'विलो' को दुनिया के सामने पेश किया। विलो क्लासिकल कंप्यूटरों की तुलना में जटिल गणितीय समस्याओं को तेजी से हल करता है। दावा है कि यह उन समस्याओं को 5 मिनट में हल कर देती है, जिन्हें करने में पारंपरिक कंप्यूटर को अरबों साल लगते। कैलिफोर्निया के सांता बारबरा में कंपनी की क्वांटम लैब में यह चिप विकसित की गई है।

विलो चिप में 105 क्यूबिट हैं। क्यूबिट्स पारंपरिक बिट्स की तुलना में स्वाभाविक रूप से तेज होते हैं। गूगल के अनुसार विलो के क्यूबिट को सावधानीपूर्वक जोड़ा गया है। यह क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर त्रुटि दर को कम करने में सक्षम था।

गूगल का लक्ष्य वर्तमान प्रणालियों से कहीं अधिक गति प्राप्त करके कंप्यूटिंग में क्रांति लाना है। गूगल ने एक ब्लॉगपोस्ट में लिखा, 'विलो ने पांच मिनट से भी कम समय में एक मानक बेंचमार्क गणना की। इसे करने में आज के सबसे तेज़ सुपरकंप्यूटरों में से एक को 10 सेप्टिलियन वर्ष लगेंगे। इतने साल तो ब्रह्मांड की आयु भी नहीं है।' फिलहाल गूगल की चिप द्वारा हल की गई समस्या का कोई तत्काल व्यावसायिक अनुप्रयोग नहीं है। हालांकि, कंपनी क्वांटम कंप्यूटरों को चिकित्सा, बैटरी तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता में चुनौतियों से निपटने के लिये तैयार कर रही है, जो काम आज के कंप्यूटर नहीं कर सकते हैं। क्वांटम चिप एक विशेष प्रकार की कंप्यूटर चिप है जिसे क्वांटम यांत्रिकी के सिद्धांतों का उपयोग करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो परमाणुओं जैसे छोटे कणों का विज्ञान है।

क्वांटम कंप्यूटिंग गणना करने की ऐसी तकनीक है, जो परंपरागत कंप्यूटर से काफी अलग है। आज हम जो कंप्यूटर देखते हैं, वह बाइनरी गणना का इस्तेमाल करते हैं, यह 'बिट्स' पर काम करते हैं, जो या तो 1 या 0 हो सकते हैं। मतलब जो भी जानकारी हमारे सामने होती है, वह दरअसल 1 या 0 के रूप में होती है, और कंप्यूटर उसे लॉजिक का इस्तेमाल करके उस जानकारी को मानव द्वारा पढ़ने और समझने लायक बनता है। अगर हम क्वांटम कंप्यूटर की बात करें तो वह क्यूबिट्स पर काम करता है। यह क्यूबिट्स एक साथ 1 और 0 दोनों पर काम कर सकता है। एक क्यूबिट दो अवस्थाओं के रैखिक संयोजन को प्राप्त करने के लिए सुपरपोजिशन की क्वांटम मैकेनिकल घटना का उपयोग करता है, और जानकारी को बेहद कम समय में प्रोसेस कर देता है।

विलो चिप की सफलता में एडवांस क्वांटम एरर करेक्शन की बड़ी भूमिका है। बहुत अधिक गलती होना लंबे समय से क्वांटम कंप्यूटिंग की बड़ी बाधा रही है। क्वांटम इंफॉर्मेशन की मूल इकाइयां क्यूबिट्स अपने वातावरण के प्रति बहुत अधिक संवेदनशील होती हैं। इसके चलते इसके कैलकुलेशन में गलती होने की संभावना रहती है। इस कमी के चलते क्वांटम सिस्टम के विस्तार होने पर इसकी गणनाओं को ठीक रख पाना मुश्किल हो जाता है। क्वांटम एरर करेक्शन से यह कमी दूर की गई है। इस सुधार का विलो को लाभ मिला है। हाल ही में नेचर पत्रिका में प्रकाशित रिपोर्ट में गूगल ने बताया है कि कैसे विलो का क्वांटम एरर करेक्शन चिप को कम गलती के साथ बड़ी गणनाएं करने की अनुमति देता है। पिछले चार दशक से क्वांटम



डॉ. शशांक द्विवेदी

कंप्यूटर बनाने की कोशिशें चल रही हैं, पर दिक्कत यह आती है कि ऐसे कंप्यूटर तेजी के चक्कर में गलतियां भी करते हैं। काफी समय से वैज्ञानिक इस समस्या से मुक्ति का रास्ता ढूंढ़ रहे हैं। बात 1995 की है, जब एक अमेरिकी वैज्ञानिक पीटर शोर ने यह अवधारणा दी थी कि क्वांटम कंप्यूटर तभी कामयाब हो सकता है, जब इसमें खुद ही गलतियों को सुधारने का कोई तरीका शामिल कर दिया जाए। अल्फाबेट का कहना है कि उसने अपने विलो चिप में गलतियां सुधारने की क्षमता शामिल करने में सफलता हासिल कर ली है। यह चिप गणना भी करेगा और साथ ही साथ गलतियों पर भी नजर रखेगा। उन्हें सुधारता हुआ चलेगा। गूगल की टीम ने दिखाया है कि क्यूबिट की संख्या बढ़ने पर गलती कम हुई है। यह 3×3 ग्रिड से बढ़कर एनकोडेड क्यूबिट के 7×7 ग्रिड तक पहुंच गई। अब गूगल का लक्ष्य अगले साल तक क्वांटम कंप्यूटिंग के लिए वास्तविक दुनिया के उपयोग के मामले पेश करना है। एआई के लिए जिस तरह की क्षमता वाले कंप्यूटरों की जरूरत होती है, वैसे कंप्यूटर बाजार में बहुत ज्यादा उपलब्ध नहीं हैं।

अभी तक एआई का पूरा बाजार अमेरिकी कंपनी एनविडिया के ग्राफिक विशेषज्ञों के हवाले है। माना जाता है कि इनके जरिये विलो चिप बड़ी उम्मीद बनकर आया है। उम्मीद है, इससे एआई का तेजी से विकास होगा और इसके उपयोग की परीकथा जैसी अनेक कल्पनाएं जमीन पर उतरती दिखाई देंगी। गूगल के अनुसार विलो चिप द्वारा टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में नए आयाम प्राप्त करने में सफलता मिलेगी, विशेष रूप से नई टेक्नोलॉजी से हेल्थकेयर, एनर्जी और अन्य सेक्टर्स में रिसर्च को बेहतर कर, आम आदमी के लिए नए रास्ते खोलेगा। कुल मिलाकर विलो चिप कंप्यूटिंग क्षेत्र में एक विशाल छलांग मानी जा रही है, और ऐसा माना जा रहा है कि यह कंप्यूटिंग के भविष्य और उसके इस्तेमाल को हमेशा के लिए बदल कर रख देगा।

जीवन मंत्र

श्री श्री रविशंकर

# निष्ठा तुम्हारी संपदा है

निष्ठा तीन प्रकार की होती है- स्वयं में निष्ठा के बिना तुम सोचते हो कि 'मैं यह नहीं कर सकता, यह मेरे लिए नहीं; मैं कभी इस जिंदगी से मुक्त नहीं हो पाऊंगा।'

यदि तुम समझते हो कि ईश्वर में तुम्हारी निष्ठा उसका कुछ भला कर रही है, तो यह तुम्हारी भूल है। ईश्वर या गुरु में निष्ठा ईश्वर या गुरु का कुछ नहीं करती। निष्ठा तो तुम्हारी संपदा है। यह तुम्हें तुरंत बल देती है। निष्ठा तुममें स्थिरता, शांति और प्रेम लाती है। यह तुम्हारे लिए आशीर्वाद है। यदि तुममें निष्ठा का अभाव है, तो तुम्हें इसके लिए प्रार्थना करनी होगी, लेकिन प्रार्थना के लिए भी निष्ठा की आवश्यकता है, यह विरोधाभासी है। लोग संसार में निष्ठा रखते हैं, लेकिन यह संसार तो साबुन का बुलबुला है। लोगों की स्वयं में निष्ठा है, लेकिन वे नहीं जानते कि वे स्वयं कौन हैं? वे सोचते हैं कि ईश्वर में उनकी निष्ठा है, परंतु वे सचमुच नहीं जानते कि ईश्वर कौन हैं! निष्ठा तीन प्रकार की होती है- स्वयं में निष्ठा के बिना तुम सोचते हो कि 'मैं यह नहीं कर सकता, यह मेरे लिए नहीं; मैं कभी इस जिंदगी से मुक्त नहीं हो पाऊंगा।' संसार में तुम्हें निष्ठा रखनी ही होगी, वरना तुम एक इंच भी नहीं बढ़ सकते। तुम बैंक में रुपये जमा करते हो इस निष्ठा के साथ कि वह रकम तुम्हें वापस मिल जाएगी। यदि तुम सब पर शक करोगे, तो तुम्हारे लिए कुछ नहीं हो सकता। तीसरी निष्ठा ईश्वर



से जुड़ी है। ईश्वर में निष्ठा रखोगे, तभी तुम विकसित हो सकोगे।

ये सभी निष्ठाएं आपस में जुड़ी हुई हैं। तुममें ये तीनों होनी चाहिए। याद रखो, तुम एक पर भी शक करोगे, तुम सब पर शक करना प्रारंभ कर दोगे। नास्तिक लोग खुद में और इस संसार में तो यकीन रखते हैं, मगर ईश्वर में नहीं रखते। परंतु वास्तव में, उनमें स्वयं के प्रति भी पूर्ण निष्ठा नहीं है और संसार के प्रति उनकी निष्ठा स्थायी हो नहीं सकती, क्योंकि संसार परिवर्तनशील है। ईश्वर, संसार और स्वयं में निष्ठा का अभाव भय को जन्म देता है। निष्ठा तुमको संपूर्ण बनाती है। संसार के प्रति निष्ठा होते हुए भी ईश्वर में निष्ठा न होने से पूर्ण शांति नहीं मिलती। गौर करना, यदि तुममें निष्ठा और प्रेम है, तो तुममें शांति और स्वतंत्रता भी होगी। इसलिए अशांत व्यक्तियों को समस्याओं से निकलने के लिए ईश्वर में निष्ठा रखनी चाहिए। मगर यह मत भूलो, निष्ठा और विश्वास में फर्क होता है। निष्ठा आरंभ है और विश्वास परिणाम! स्वयं में निष्ठा स्वतंत्रता लाती है, संसार में निष्ठा मन को शांति देती है और ईश्वर में निष्ठा तुम्हारे अंदर प्रेम जागृत करती है। यदि तुममें निष्ठा नहीं, तो फिर प्रश्न पूछने की कोई जरूरत नहीं, क्योंकि उसके उत्तर में फिर तुम्हारी आस्था कैसे होगी? और यदि तुममें संपूर्ण निष्ठा है, तब वहां प्रश्न ही नहीं होगा। यदि तुम बेंगलुरु के लिए कर्नाटक एक्सप्रेस में बैठे हो, तो क्या तुम्हें हर स्टेशन पर यह पूछने की जरूरत है कि यह ट्रेन कहां जा रही है?

शख्सियत | अल्बर्ट एक्का

# परमवीर चक्र से सम्मानित भारतीय सैनिक



लांस नायक अल्बर्ट एक्का, पीवीसी एक भारतीय सैनिक थे। वह 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान गंगासागर की लड़ाई में मारे गए थे। दुश्मन के सामने उनकी वीरता के लिए उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार, परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

अल्बर्ट एक्का का जन्म 27 दिसंबर 1942 को झारखंड के गुमला के जरी गांव में हुआ था। उनके माता-पिता जूलियस एक्का और मरियम एक्का थे। एक्का का परिवार आदिवासी जनजाति से था। आदिवासियों के बीच शिकार एक आम खेल था और एक्का को बचपन से ही इसमें रुचि थी। जंगलों में शिकार करने के अपने अनुभव के साथ, वह जमीन और गतिविधियों के कुशल उपयोग से एक बेहतर सैनिक बनने में सक्षम था। जैसे-जैसे वह बड़े हुए, एक्का में सेना के प्रति रुचि विकसित हुई और 27 दिसंबर 1962 को बिहार रेजिमेंट में भर्ती हो गए। जनवरी 1968 में ब्रिगेड ऑफ द गाड्र्स की 14वीं बटालियन के गठन के बाद, एक्का को उस यूनिट में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने उत्तर पूर्व में उग्रवाद विरोधी अभियानों में कार्रवाई देखी। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध की तैयारी के दौरान, एक्का को लांस नायक के रूप में पदोन्नत किया गया था।

1971 के युद्ध में 15 भारतीय सैनिकों को मरता देख अलबर्ट एक्का दौड़ते हुए टॉप टावर के ऊपर चढ़ गये। उसके बाद टॉप टावर के मशीनगन को अपने कब्जे में ले लिया और फिर दुश्मनों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। इस दौरान उन्हें 20 से 25 गोलियां लगी थी। पूरा शरीर गोलियों से छलनी था। वे टॉप टावर से नीचे गिरे औरअपनी अंतिम सांस ली। वह दिन 3 दिसंबर 1971 का था।

लांस-नायक अल्बर्ट एक्का को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च युद्धकालीन वीरता पुरस्कार, परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। 2000 में 50वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारत सरकार ने उनकी स्मृति में एक डाक टिकट जारी किया। वर्तमान झारखंड के मूल निवासी, उन्हें रांची में फिरायालाल स्टोर के सामने प्रमुख चौराहे का नाम अल्बर्ट एक्का चौक रखकर सम्मानित किया गया, जहां उनकी प्रतिमा भी है।

जीवन ऊर्जा


जोहान्स केपलर : जन्म 27 दिसंबर, 1571 | जन्म

# प्रकृति को सादगी और एकता प्रिय है

जोहान्स केपलर एक जर्मन खगोलशास्त्री, गणितज्ञ, ज्योतिषी, प्राकृतिक दार्शनिक और संगीत पर लेखक थे। उनका जन्म 27 दिसंबर, 1571 में हुआ था। वे 17वीं शताब्दी की वैज्ञानिक क्रांति में एक प्रमुख व्यक्ति हैं, जो ग्रहों की गति के अपने नियमों और उनकी पुस्तकों एस्ट्रोनोमिया नोवा, हारमोनिस मुंडी और एपिटोम एस्ट्रोनोमिया कोपरनिकाने के लिए जाने जाते हैं। इन कार्यों ने न्यूटन के सार्वभौमिक गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत के लिए एक नींव भी प्रदान की। उनका निधन 15 नवंबर, 1630 में हुआ था।

विज्ञान भगवान के बाद के विचारों को सोचने की प्रक्रिया है। मैं जनता के बिना सोचे-समझे अनुमोदन के बजाय किसी एक बुद्धिमान व्यक्ति की तीखी आलोचना को अधिक पसंद करता हूं।

बाहरी दुनिया की सभी जांचों का मुख्य उद्देश्य उस तर्कसंगत आदेश और सामंजस्य की खोज करना होना चाहिए जो उस पर भगवान द्वारा लगाया गया है और जिसे उन्होंने गणित की भाषा में हमारे सामने प्रकट किया है। जहां पदार्थ है, वहां ज्यामिति है। चीजें वैसी क्यों हैं जैसी वे हैं और अन्यथा नहीं? प्रकृति को सादगी और



एकता प्रिय है। मेरी सबसे बड़ी इच्छा यह है कि जिस ईश्वर को मैं बाहरी दुनिया में हर जगह पाता हूं, उसी तरह अपने भीतर और भीतर भी देख सकूं। उचित प्रयोगों के बिना मैं कुछ भी निष्कर्ष नहीं निकालता। ज्यामिति दुनिया की सुंदरता का प्रतीक है। एक बार जब चमत्कारों को स्वीकार कर लिया जाता है, तो प्रत्येक वैज्ञानिक व्याख्या प्रश्न से बाहर हो जाती है। परमेश्वर एक दयालु सृष्टिकर्ता है जिसने प्रकृति को शून्य से निकाला। क्या हम पूछते हैं कि छोटी चिड़िया गायन में क्या लाभ की उम्मीद करती है? मेरी सबसे बड़ी इच्छा यह है कि जिस ईश्वर को मैं बाहरी दुनिया में हर जगह पाता हूं, उसी तरह अपने भीतर भी देख सकूं। प्रकृति किसी भी वस्तु का कम से कम उपयोग करती है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# लालच बुरी बला है

एक शहर में एक आदमी रहता था। वह बहुत ही लालची था। उसने सुन रखा था कि अगर संतो और साधुओं की सेवा करे तो बहुत ज्यादा धन प्राप्त होता है। यह सोच कर उसने साधु संतो की सेवा करनी प्रारम्भ कर दी। एक बार उसके घर बड़े ही चमत्कारी संत आये। उन्होंने उसकी सेवा से प्रसन्न होकर उसे चार दीये दिए और कहा कि इनमें से एक दीया जला लेना और पूरब दिशा की ओर चले जाना, जहां यह दीया बुझ जाये। वहां की जमीन को खोद लेना, वहा तुम्हे काफी धन मिल जायेगा। अगर फिर तुम्हे धन की आवश्यकता पड़े तो दूसरा दीया जला लेना और पश्चिम दिशा की ओर चले जाना, जहाँ यह दीया बुझ जाये वहा की जमीन खोद लेना तुम्हे मन चाही माया मिलेगी। फिर भी संतुष्टि ना हो तो तीसरा दीया जला लेना और दक्षिण दिशा की ओर चले जाना। उसी प्रकार दीया बुझने पर जब तुम वहाँ की जमीन खोदोगे तो तुम्हे बेअन्त धन मिलेगा। तब तुम्हारे पास केवल एक दीया बच जायेगा और एक ही दिशा रह जायेगी तुमने यह दीया ना ही जलाना है और ना ही इसे उत्तर दिशा की ओर ले जाना है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा

वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।

मो. नं. 9425980556



यह कह कर संत चले गए। लालची आदमी उसी वक्त पहला दीया जलाकर पूरब दिशा की ओर चला गया। दूर जंगल में जाकर दीया बुझ गया। उस आदमी ने उस जगह को खोदा तो उसे पैसो से भरी एक गागर मिली। वह बहुत खुश हुआ उसने सोचा की इस गागर को फिलहाल यही रहने देता हूँ फिर कभी ले जाऊंगा। पहले मुझे जल्दी ही पश्चिम दिशा वाला धन देख लेना चाहिए। यह सोचकर उसने दूसरे दिन दूसरा दीया जलाया और पश्चिम दिशा की ओर चल पड़ा। दूर एक उजाड़ स्थान में जाकर दीया बुझ गया। वहां उस आदमी ने जब जमीन खोदी, तो उसे सोने की मोहरों से भरा एक घड़ा मिला । उसने घड़े को भी यही सोचकर वही रहने दिया की पहले दक्षिण दिशा में जाकर देख लेना चाहिए। जल्दी से जल्दी ज्यादा से ज्यादा धन प्राप्त करने के लिए वह बेचैन हो गया। अगले दिन वह दक्षिण दिशा की ओर चल पड़ा। दीया एक मैदान में जाकर बुझ गया। उसने वहा की जमीन खोदी तो उसे हीरे-मोतियों से भरी दो पेटियां मिली। वह आदमी अब बहुत खुश था। तब वह सोचने लगा, अगर इन तीनों दिशाओ में इतना धन पड़ा है तो चौथी दिशा में इनसे भी ज्यादा धन होगा। फिर उसके मन में ख्याल आया की संत ने उसे चौथी दिशा की ओर जाने के लिए मन किया है। ज्यादा से ज्यादा धन प्राप्त करने की लालच ने उसे संतो के वचनों को दुबारा सोचने ही नहीं दिया। अगले दिन उसने चौथा दीया जलाया और जल्दी-जल्दी उत्तर दिशा की ओर चल पड़ा। दूर आगे एक महल के पास जाकर दीया बुझ गया। महल का दरवाज़ा बंद था। उसने दरवाज़े को धकेला तो दरवाज़ा खुल गया। वह बहुत खुश हुआ। उसने मन ही मन में सोचा की यह महल उसके लिए ही है। वह अब तीनों दिशाओ की दौलत को भी यही ले आकर रखेगा और ऐश करेगा।

वह उस कमरे में दाखिल हुआ तो उसने देखा की एक बूढ़ा आदमी चक्की चला रहा है। लालची आदमी ने बूढ़े से कहा कि तू यहाँ कैसे पंहुचा। बूढ़े ने कहा ऐसा कर यह जरा चक्की चला। मैं सांस लेकर तुझे बताता हूँ। बूढ़े ने कहा जब तक मेरे और तेरे जैसा कोई आदमी लालच में अंधा होकर यहाँ नही आयेगा तब तक तू इस चक्की से छुटकारा नहीं पा सकेगा। बूढ़े ने कहा मैं सब लोगो से ऊँची-ऊँची आवाज में कहूँगा लालच बुरी बला है।

सक्सेस मंत्र

# चलते रहने की जिद

अपने आसपास कुछ लोगों को आप जुझारु, सनकी या जिद्दी कहते हैं। इसकी वजह होता है उनका एक खास गुण कि उन्हें जो चाहिए, उसे वह हासिल करके ही दम लेते हैं। जिद्दी लोगों को अक्सर लोग कम पसंद करते हैं, मगर यह भी गलत नहीं है कि ऐसे ही लोगों में दुनिया को बदलने का साहस होता है। इस दुनिया में कुछ भी पाना है तो आपको थोड़ा तो जिद्दी बनना पड़ेगा। यह कहानी भी ऐसे ही एक जिद्दी लड़के की है, जिसका नाम था विराट। विराट पिछले कई साल से अपने शहर में होने वाली मैराथन में हिस्सा लेता था, लेकिन कभी रेस पूरी नहीं कर पाता था। इस बार वह बहुत उत्साहित था, क्योंकि वह पिछले कई महीनों से रोज इस रेस की तैयारी कर रहा था। उसे अपने आप पूरा पर भरोसा था कि वह इस साल की मैराथन रेस जरूर पूरी कर लेगा। देखते ही देखते मैराथन का वो दिन भी आ गया और सभी लोग एक जगह एकत्रित हुए और जैसे ही रेस शुरू हुई बाकी लड़को की तरह विराट ने भी दौड़ना शुरू किया। वह जोश और हिम्मत से भरा हुआ था, और बड़े अच्छे ढंग से दौड़ रहा था। लेकिन आधी रेस पूरी करने के बाद विराट बिलकुल थक गया और उसके मन में आया कि बस अब वहीं बैठ जाए। वह ऐसा सोच ही रहा था कि तभी उसने खुद को कहा। रुको मत विराट! आगे बढ़ते रहो, अगर तुम दौड़ नहीं सकते तो कम से कम जॉगिंग करते हुए तो आगे बढ़ सकते हो। तो बस आगे बढ़ो। और विराट अब पहले की अपेक्षा धीमी गति से आगे बढ़ने लगा। कुछ किलोमीटर इसी तरह दौड़ने के बाद विराट को लगा कि उसके पैर अब और आगे नहीं बढ़ सकते, वह लड़खड़ाने लगा, विराट के अन्दर विचार आया, अब बस और नहीं बढ़ सकता! लेकिन एक बार फिर विराट ने खुद को समझाया! !रुको मत विराट। अगर तुम जॉगिंग नहीं कर सकते तो क्या, कम से कम चल तो सकते हो तो बस चलते रहो। विराट अब जॉगिंग करने की बजाय धीरे-धीरे लक्ष्य की ओर बढ़ने लगा। कई सारे लड़के विराट से आगे निकल चुके थे। चलते-चलते विराट को फिनिशिंग पॉइंट दिखने लगा, लेकिन तभी वह अचानक से लड़खड़ा कर गिर पड़ा। उसके दायें पैर की नसें खिंच गई थीं। जमीन पर पड़े-पड़े विराट के मन में खयाल आया, की अब मैं आगे नहीं बढ़ सकता, लेकिन अगले पल ही वो जोर से चिल्लाया। आज चाहे कुछ भी हो जाए, मैं ये रेस पूरी करके रहूँगा। ये मेरी जिद है माना मैं चल नहीं सकता लेकिन लड़खड़ाते ही सही लेकिन इस रेस को पूरी जरूर करूंगा। विराट ने रेस पूरी कर ली थी, उसके चेहरे पर इतनी खुशी और मन में इतनी संतुष्टि कभी नहीं आई थी आज विराट ने अपनी जिद के कारण न सिर्फ एक रेस पूरी की थी बल्कि जिंदगी की बाकी रेसों के लिए भी खुद को तैयार कर लिया था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# दिल्ली दरबार में अरदास लेकर पहुंचे एकनाथ

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उनके बेटे श्रीकांत शिंदे ने भी पीएम से मुलाकात की। श्रीकांत शिंदे महाराष्ट्र की कल्याण सीट से लोकसभा सांसद हैं। श्रीकांत शिंदे की पत्नी वृषाली शिंदे भी उनके साथ थीं। शिंदे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मिलने गए। जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं की जा रही हैं। महाराष्ट्र में नई सरकार के गठन और विभागों के बंटवारे के बाद एकनाथ शिंदे पहली बार दिल्ली पहुंचे। पीएम मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ शिंदे ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात की। जिसको लेकर सियासी हलचल बढ़ गई है। राजनीतिक हल्कों में चर्चा है गृह विभाग न मिलने से रुष्ट एकनाथ दिल्ली दरबार अरदास लेकर गए थे! हालांकि मुलाकात के बाद शिंदे ने इसके पीछे कुछ और कारण बताया है।



### सोशल मीडिया पर साझा की तस्वीरें

डिप्टी सीएम शिंदे ने एक्स पर पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, "देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी से आज दिल्ली में उनके आवास पर मुलाकात की। यह मुलाकात महाराष्ट्र में मिले रिकॉर्ड जनमत और महायुति सरकार के गठन के बाद हुई। विकसित भारत के पथ पर राज्य के योगदान पर चर्चा हुई। दोनों सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और वृषाली शिंदे मौजूद रहे।

### मुलाकात पर क्या बोले डिप्टी सीएम ?

पीएम मोदी से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र में हमारी सरकार बन गई है। मंत्रिमंडल का गठन हो गया है। हम आदरणीय मोदी जी के नेतृत्व में और उनके आशीर्वाद से राज्य में काम कर रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र को लेकर खुशी जाहिर की। हमने उनसे महाराष्ट्र के भविष्य को लेकर चर्चा की। हम मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम अजित पवार के साथ फिर से पीएम से मिलेंगे।

# स्वामित्व योजना: ग्रामीण महाराष्ट्र के विकास को नई दिशा: विधायक डावखरे

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

कोंकण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद विधायक एड. निरंजन डावखरे ने वर्तक नगर भाजपा कार्यालय पर आयोजित पत्रकार परिषद में कहा कि स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों के लिए अपनी संपत्ति का स्वामित्व साबित करने और वित्तीय सशक्तिकरण हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना के तहत शुरू की गई इस योजना के माध्यम से ग्रामीण महाराष्ट्र के 30,515 गांवों में प्रॉपर्टी कार्ड बनाने की प्रक्रिया चल रही है।




### आदिवासी और झोपड़पट्टी वासियों को मिल रहे कानूनी दस्तावेज

स्वामित्व योजना से आदिवासियों और झोपड़पट्टी वासियों को उनकी संपत्तियों के कानूनी दस्तावेज मिल रहे हैं, जो उन्हें उनकी संपति पर मालिकाना हक प्रदान करता है। इससे भू-माफियाओं पर अंकुश लगेगा और अवैध कब्जे पर काबू पाया जा सकेगा। इस अवसर पर भाजपा प्रवक्ता सागर भदे भी उपस्थित थे।

### डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत का योगदान

विधायक डावखरे ने इसे डिजिटल इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन से भूमि गणना प्रक्रिया में पारदर्शिता आई है और अब ड्रोन की मदद से अत्याधुनिक तरीके से जमीन की माप की जा रही है।

### योजना का लाभ

अब तक 15,327 गांवों को संपत्ति पत्र आवंटित किए जा चुके हैं, जबकि 23,132 गांवों का अंतिम नक्शा तैयार किया गया है। विधायक डावखरे ने कहा कि इस योजना से ग्रामीणों को उनकी जमीन का मालिकाना हक मिल रहा है, जिससे उन्हें होम लोन और अन्य सुविधाओं में लाभ मिलेगा। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों की संपत्ति की कीमत भी बढ़ रही है।

# पश्चिम रेलवे द्वारा 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विशेष किराये पर 2 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः-



**1. ट्रेन संख्या 09049/09050 दादर- भुसावल (साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09049 दादर-भुसावल स्पेशल, जिसे पहले 27 दिसम्बर, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 3 जनवरी से 28 मार्च, 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है। इसी प्रकार, ट्रेन संख्या 09050 भुसावल- दादर स्पेशल, जिसे पहले 27 दिसम्बर, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 3 जनवरी से 28 मार्च, 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है।

**2. ट्रेन संख्या 09051/09052 दादर- भुसावल (त्रि-साप्ताहिक) स्पेशल**

ट्रेन संख्या 09051 दादर-भुसावल स्पेशल, जिसे पहले 31 दिसंबर, 2024 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 01 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09052 भुसावल-दादर स्पेशल, जिसे पहले 01 जनवरी, 2025 तक अधिसूचित किया गया था, अब उसे 04 जनवरी से 31 मार्च, 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है।

ट्रेन संख्या 09049 एवं 09051 के विस्तारित फेरों की बुकिंग 27 दिसंबर, 2024 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव में उमड़ा जनसैलाब

### सृजन संस्था ने किया भव्य आयोजन

डीबीडी संवाददाता | कल्याण




कल्याण में सृजन संस्था द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रयागराज से पधारे वैष्णवाचार्य स्वामी श्री अप्रेमय प्रपन्नाचार्य जी महराज ने अपनी मधुर वाणी से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके भजनों ₹यदि चाहा सुख हरि के पुकारा बबुआ₹ ने पांडाल में भक्ति की लहर पैदा कर दी। सृजन संस्था ने इस मौके पर एक कलेंडर का विमोचन भी किया। इस कलेंडर का अनावरण डॉक्टर विजय पंडित, मुरलीधर तिवारी, शिक्षाविद बालगोविंद तिवारी, आर के दीक्षित, विजय मिश्रा और संस्था के अध्यक्ष पंडित रामचंद्र पांडेय के द्वारा किया गया। इस विमोचन समारोह में महराज जी की कथा का प्रभाव बहुत गहरा था और श्रोताओं ने और अधिक कथा सुनने की इच्छा जाहिर की। इस आयोजन में सृजन संस्था के सदस्य, जैसे गिरजाशंकर मिश्र, विनोद पाठक, अरविंद पांडेय, बृजेश, वीरेंद्र उपाध्याय, नागेश मिश्रा, विजय लाल शुक्ला, और अन्य लोग बड़ी विनम्रता से सेवा में जुटे रहे।

# कोर्ट ने मंदबुद्धि पीड़िता से दुराचार के दोषी की जमानत याचिका खारिज की

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने 73 वर्षीय भालचंद्र म्हात्रे की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसे मंदबुद्धि की नौकरानी के साथ दुराचार करने का दोषी पाया गया था। न्यायमूर्ति एम.एम. सथाये की एकल पीठ ने याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि दोषी के खिलाफ ऐसे साक्ष्य मौजूद हैं जो अपराध को छुपाने के प्रयासों का संकेत देते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि पीड़िता की सहमति का कोई महत्व नहीं है, क्योंकि उसका बौद्धिक स्तर (आई.क्यू.) केवल 42 फीसदी है, जिससे वह मानसिक रूप से निर्णय लेने के लिए सक्षम नहीं थी।



### क्या है मामला ?

यह मामला जनवरी 2017 का है, जब पीड़िता अपनी मां की मदद के लिए याचिकाकर्ता के घर काम करने जाती थी। एक दिन, जब याचिकाकर्ता की पत्नी घर पर नहीं थी, उसने पीड़िता के साथ दुराचार किया। पीड़िता की गर्भवती होने पर परिजनों को इसकी जानकारी हुई, जिसके बाद आरोपित ने मामले को छुपाने की कोशिश की।

### साक्ष्य और आरोप

कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि घटना के बाद याचिकाकर्ता और उसके परिवार ने घटना को दबाने की कोशिश की और पीड़िता को गर्भपात करने का दबाव डाला। यद्यपि पीड़िता 23 वर्ष की थी, वह मानसिक रूप से मंदबुद्धि थी। इस स्थिति को देखते हुए अदालत ने पीड़िता की सहमति को मान्य नहीं माना।

### पुलिस की कार्रवाई

पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने याचिकाकर्ता को गिरफ्तार किया था। सेशन कोर्ट ने सितंबर 2022 में याचिकाकर्ता को दोषी करार देते हुए 20 साल की सजा सुनाई थी। बॉम्बे हाई कोर्ट ने जमानत याचिका खारिज करते हुए सजा को चुनौती देने वाली याचिका का मामला जारी रखने का निर्णय लिया।

# नव वर्ष के उपलक्ष्य में मध्य रेल द्वारा 4 विशेष उपनगरीय सेवाएं

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल नव वर्ष के उपलक्ष्य में (31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि) यात्रियों की सुविधा के लिए निम्नानुसार विशेष उपनगरीय सेवाएं चलाएगाः



### मेन लाइन

विशेष ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि को 01.30 बजे निकलेगी और 03.00 बजे कल्याण पहुंचेगी।

विशेष ट्रेन कल्याण से 31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि को 01.30 बजे निकलेगी और 03.00 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी।

### हार्बर लाइन

विशेष ट्रेन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से 31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि को 01.30 बजे निकलेगी और 02.50 बजे पनवेल पहुंचेगी।

विशेष ट्रेन पनवेल से 31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि को 01.30 बजे प्रस्थान करेगी और 02.50 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी

ये सभी विशेष उपनगरीय ट्रेनें सभी स्टेशनों पर रुकेंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इसे ध्यान में रखें, इन सेवाओं का लाभ उठाएं और सुरक्षित यात्रा करें।

# पश्चिम रेलवे नए साल की पूर्व संध्या पर चलाएगी 8 स्पेशल उपनगरीय सेवाएं

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पश्चिम रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए नववर्ष की पूर्व संध्या (31.12.2024 / 01.01.2025 मध्यरात्रि) पर निम्नानुसार 8 स्पेशल उपनगरीय सेवाएं चलाएगी।




### डाउन दिशा:

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 01.15 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 02.55 बजे विरार पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 02.00 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 03.40 बजे विरार पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 02.30 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 04.10 बजे विरार पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 03.25 बजे चर्चगेट से रवाना होगी और 05.05 बजे विरार पहुंचेगी।

### अप दिशा:

नए साल की पूर्व संध्या **स्पेशल** ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 00.15 बजे विरार से रवाना होगी और 01.52 बजे चर्चगेट पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 00.45 बजे विरार से रवाना होगी और 02.22 बजे चर्चगेट पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 01.40 बजे विरार से रवाना होगी और 03.17 बजे चर्चगेट पहुंचेगी।

नए साल की पूर्व संध्या स्पेशल ट्रेन 31.12.2024 / 01.01.2025 को मध्यरात्रि 03.05 बजे विरार से रवाना होगी और 04.41 बजे चर्चगेट पहुंचेगी।

# छात्रों का दो दिवसीय कैंप का आयोजन

डीबीडी संवाददाता | नायगांव



नायगांव पूर्व स्थित प्रेमनाथ इंग्लिश हाई स्कूल के सातवीं और आठवीं कक्षा के लगभग 250 छात्रों का दो दिवसीय कैंप वाडा के निवांत एग्रो एक्स्पीरियंस में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों का हिस्सा लिया, जिनमें फूड एक्टिविटी, कराटे, डांस, कृषि विज्ञान की जानकारी, नदियों की भौगोलिक जानकारी और स्काउट गाइड का प्रशिक्षण शामिल था। इन सभी गतिविधियों ने छात्रों को न केवल ज्ञान वर्धन किया, बल्कि उन्हें नई चीजें सीखने का भी अवसर प्रदान किया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विद्यालय की प्रिंसिपल अनीता गुप्ता, सभी शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने विद्यालय के ट्रस्टी एस पी पाठक और पी कार्ड क्लब के संयोजक शैलेश तिवारी जी का आभार व्यक्त किया।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष**



मान-सम्मान मिलेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। दूर रहने वाले व्यक्तियों से संपर्क के कारण लाभ हो सकता है। नई योजनाओं का सूत्रपात होने के योग हैं। कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। व्यर्थ संदेह न करें।

**वृष**



व्यवसाय ठीक चलेगा। अर्थ प्राप्ति के योग बनेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। बेचैनी रहेगी। विवादों से दूर रहना चाहिए। पिता से व्यापार में सहयोग मिल सकेगा। सरकारी मसले सुलझेंगे।

**मिथुन**



जोखिम व जमानत के कार्य टालें, बाकी सामान्य रहेगा। प्रयास अधिक करने पर भी उचित सफलता मिलने में संदेह है। कार्य में विलंब के भी योग हैं। आर्थिक हानि हो सकती है। पारिवारिक जीवन तनावपूर्ण रहेगा।

**कर्क**




यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रुके धन के लिए प्रयत्न जरूर करें। कार्य का विस्तार होगा। दूसरे के कार्यों में हस्तक्षेप से बचें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। विलासिता के प्रति रुझान बढ़ेगा।

**सिंह**



संपत्ति की खरीद-फरोख्त हो सकती है। आय बढ़ेगी। मन में उत्साहपूर्ण विचारों के कारण समय सुखद व्यतीत होगा। मकान व जमीन संबंधी कार्य बनेंगे। अनायास धन लाभ के योग हैं। व्यापार में वांछित उन्नति होगी।

**कन्या**



कार्यस्थल पर परिवर्तन लाभ में वृद्धि करेगा। योजना फलीभूत होगी। नए अनुबंध होंगे। कष्ट होगा। पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ने से व्यस्तता बढ़ेगी। कार्य में नवीनता के भी योग हैं। संतान के व्यवहार से समाज में सम्मान बढ़ेगा।

**तुला**




रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी बड़े कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। प्रसन्नता बनी रहेगी। नए कार्यों से जुड़ने का योग बनेगा। पारिवारिक जीवन सुखद नहीं रहेगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। इच्छित लाभ होगा।

**वृश्चिक**




शत्रु सक्रिय रहेंगे। कुसंगति से हानि होगी। व्ययवृद्धि होगी। लेन-देन में सावधानी रखें, जोखिम न लें। किसी शुभचिंतक से मेल-मुलाकात का हर्ष होगा। संतान की आजीविका संबंधी समस्या का हल निकलेगा।

**धनु**




किसी कार्य में प्रतिस्पर्धात्मक तरीके से जुड़ने की प्रवृत्ति आपके लिए शुभ रहेगी। राज्यपक्ष से लाभ होगा। अपने काम से काम रखें। दांपत्य सुख प्राप्त होगा। बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। भागदौड़ रहेगी।

**मकर**




यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त होगी। आय में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। आकस्मिक लाभ व निकटजनों की प्रगति से मन में प्रसन्नाता रहेगी। परिश्रम से स्वयं के कार्यों में भी शुभ परिणाम आएँगे। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**कुंभ**



नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। परीक्षा आदि में सफलता मिलेगी। पारिवारिक कष्ट एवं समस्याओं का अंत संभव है। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय से अधिक व्यय न करें।

**मीन**



मेहमानों का आवागमन होगा। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। बुद्धि चातुर्य से कठिन कार्य भी आसानी से बनेंगे। व्यापार अच्छा चलेगा। व्यर्थ समय नष्ट न करें।

# मंगल- गुरु युति के प्रभाव

भाग-4





प्रियंका जैन
9769994439

### गुरु और मंगल युति दशम भाव में:-

10 वें भाव को कर्म भाव के रूप में भी जाना जाता है। यह भाव जातक के व्यावसायिक क्षेत्र को नियंत्रित करता है। यह प्रतिष्ठा, प्रतिष्ठा, पेशे और नौकरी की तरह पर शासन करता है। इस घर में मंगल जातक को बहुत मेहनती बनाता है। जबकि गुरु उन्हें उच्च शिक्षा और भाग्य की प्राप्ति कराता है। 10 वें भाव में मंगल और गुरु मिलकर जातक बहादुर बनाते हैं और उन्हें साहसिक निर्णय लेने की क्षमता देते हैं। इस ग्रह स्थिति वाले जातक बहुत शक्तिशाली व्यक्ति बनते हैं। खासकर अपने करियर में, वे महान ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं। वे ऊर्जा और कौशल से भरे होंते हैं। वे स्वतंत्र होंगे और उनमें अद्भुत नेतृत्व गुण होंगे। ऐसे जातक बहुत अच्छी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। अपने पूरे जीवन में, वे अधिक से अधिक ज्ञान की तलाश करते हैं। अपने कौशल को बढ़ाना जीवन में उनके प्रमुख लक्ष्यों में से एक होगा। वह सरकारी नौकरियों में भी शामिल हो सकते हैं। उनकी एक अद्भुत सामाजिक प्रतिष्ठा होगी। वह सफल होंगे लेकिन उनका जीवन हमेशा तनावपूर्ण होगा। इससे अवसाद और उच्च रक्तचाप जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं।

### गुरु और मंगल युति एकादश भाव में:-

11 वां भाव लाभ का प्रभुत्व करता है। इसे लाभ भाव भी कहा जाता है। यह नाम और प्रसिद्धि, मौद्रिक लाभ, आय का प्रतिनिधित्व करता है।यहाँ पर, गुरु और मंगल युति व्यक्ति को आशावादी बनती है। वे प्रभावी शब्दों का उपयोग करने में सक्षम होते हैं। अपनी क्षमताओं की मदद से, वे अपने जीवन में अच्छा धन प्राप्त करते हैं। गुरु की ऊर्जा के साथ मंगल के विपरीत प्रभाव के कारण, व्यक्ति कभी-कभी अत्यधिक आक्रामक होगा। जबकि कुछ समय वे उदार होंगे। ऐसे जातक शेयर बाजार, अचल संपत्ति के माध्यम से धन अर्जित करेंगे। उन्हें अचानक कई असामान्य लाभ होने की संभावना है। ये जातक कई बार विदेश यात्रा करेंगे। इसके अतिरिक्त, उनके पास सभी प्रकार के शारीरिक और मानसिक आराम होंगे। उनके पास एक अच्छा व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन होगा।

### गुरु और मंगल युति द्वादश भाव में:-

12 वां भाव अंत का प्रतीक है। यह ज्योतिष का अंतिम भाव है, यह जीवन के अंत और आध्यात्मिक यात्रा की शुरुआत का प्रतिनिधित्व करता है। यह भाव आत्म-त्याग, कारावास और अचेतन को भी दर्शाता है। गुरु 12 वें भाव का प्राकृतिक शासक है। यहाँ मंगल के साथ मिलकर गुरु जातक को शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने की प्रेरणा देता है। हालांकि, ऐसे जातक अपने कार्यों में स्वार्थी और चतुर होंगे। ऐसे जातक स्वभाव से आलोचनात्मक होते हैं। उनके जीवन में वित्तीय परेशानी भी होगी। वे बहादुर होंगे लेकिन दूसरों का समर्थन नहीं करेंगे। ये जातक स्वर में बहुत अशिष्ट हो सकते हैं और अक्सर अपमानजनक शब्दों का उपयोग कर सकते हैं। उनके कठोर स्वर और कठोर स्वभाव के परिणामस्वरूप, उनके बहुत से दोस्त नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त, उनकी अत्यधिक यौन इच्छाएँ होंगी।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



खबर संक्षेप

### जयराम महतो और उनके समर्थक CCL प्रबंधन से भिड़े

**बोकारो।** बोकारो में डुमरी विधायक जयराम महतो और उनके समर्थक सीसीएल प्रबंधन से भिड़ गये। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर तू-तू मैं मैं हो गयी। घटना बुधवार शाम की है। दरअसल जयराम महतो के समर्थक बेरमो के सीसीएल ढोरी एरिया अंतर्गत सेंट्रल कॉलोनी मकोली में क्वार्टर नंबर डी-2 में अचानक घुस गये। उस वक्त सीसीएल प्रबंधन वहां रह रहे कुछ लोगों को जगह खाली कराने आया था। प्रबंधन का आरोप है कि वे लोग उस जगह पर अवैध कब्जा किये हुए हैं। विधायक के समर्थकों का कहना था कि सीसीएल प्रबंधन पहले लोगों को क्वार्टर अलॉट करायें। जब बात नहीं बनी तो इसकी सूचना चंद्रपुरा थाना को दी गयी। इसके बाद चंद्रपुरा पुलिस और सीआईएसएफ घटनास्थल पर पहुंची।

दूसरी तरफ इस पूरे मामले पर सीसीएल प्रबंधन का कहना था कि उक्त क्वार्टर को विनय शर्मा, राहुल राज, प्रदुमन कुमार को अलॉट कर दिया गया है। जबकि विधायक के समर्थक इसे सिरे से खारिज कर रहे हैं। उनका कहना है कि क्वार्टर आवंटन के लिए महाप्रबंधक को आवेदन दिया गया था इसके बाद भी उक्त क्वार्टर का अलॉटमेंट नहीं हुआ।

बहसबाजी के बीच डुमरी विधायक जयराम महतो रात 2:00 बजे केंद्र कॉलोनी मकोली पहुंचे और क्वार्टर का अलॉटमेंट करने की मांग करने लगे। इस दौरान विधायक और पुलिस के बीच खूब खूब बहसबाजी हुई। अहले सुबह 4:00 बजे विधायक और पुलिस की टीम वहां से चली गयी। खबर लिखे जाने तक उनके समर्थक अभी भी क्वार्टर अलॉटमेंट की मांग पर अड़े हुए हैं।

### बिजली का टावर गिरने से पांच लोगों की मौत

**सीधी।** मध्य प्रदेश के सीधी जिले में रामपुर नैकिन थानांतर्गत पटेहरा गांव में बड़ा हादसा हो गया। यहां गुरुवार को बिजली टावर को एक जगह से दूसरे जगह पर शिफ्ट किया जा रहा था। इसी दौरान अचालक टावर नीचे गिर गया। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रामपुर नैकिन थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सीधी जिले के जेपी नगरी पावर प्लांट से सतना तक बिजली लाइन का काम किया जा रहा है। इस लाइन के लिए गुरुवार को दोपहर में ग्राम पटेहरा में 70 फीट ऊंचा हाईटेंशन लाइन का टावर शिफ्ट किया जा रहा था। इसी दौरान टावर नीचे गिर गया और उसको शिफ्ट करने में जुटे नौ मजदूर इसकी चपेट में आ गए।

# एक जनवरी से बढ़ेगी रामलला के दर्शन की अवधि

▸▸ **महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ेगी**



**अयोध्या।** रामनगरी में श्रद्धालुओं की भीड़ तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को शाम सात बजे तक 1.05 लाख भक्तों ने रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई है। 25 दिसंबर को क्रिसमस की छुट्टी होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे। आलम यह रहा कि वीआईपी दर्शन के सभी स्लॉट सुबह 11:00 बजे तक ही फुल हो गए थे। नववर्ष यानी एक जनवरी को भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है। इसको देखते हुए एक जनवरी को राम मंदिर ट्रस्ट रामलला की दर्शन अवधि में एक घंटे की वृद्धि करने की योजना बना रहा है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने कहा कि प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं की सहूलियत को देखते हुए ट्रस्ट ने निर्णय लिया है कि रामलला के दर्शन का समय एक जनवरी से एक घंटे के लिए बढ़ाया जाएगा।

### तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था

उन्होंने बताया कि इस साल 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद देश और दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बहुत व्यवस्थित व्यवस्था की गई है। सात प्रवेश मार्गों का इस्तेमाल किया जाता है। यात्रियों की सुविधा के लिए वस्तुओं को रखने और उनके जूते-चप्पल रखने की व्यवस्था है। तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र में 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। पेयजल और चिकित्सा की व्यवस्था है। इन सब सुविधाओं का लाभ उठाया जा सकता है। इसके बाद दर्शन के लिए प्रस्थान करते हैं।

## वाराणसी में दो लोगों की मौत




**वाराणसी।** चोलापुर थाना क्षेत्र के ताला निवासी राहुल कुमार (28) पुत्र राजेंद्र अपने पिकअप पर मिर्जापुर के अहरौरा से टमाटर लाद कर घर चला गया। भोर में अपने घर से पहाड़िया मंडी के लिए निकला लगभग ढाई बजे झपकी आ जाने के कारण अनियंत्रित पिकअप सड़क से उतर गड्ढे से होती हुई दिवार से जा भिड़ी। इस हादसे में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक एक बच्चे का पिता है, जिसका नाम मयंक है। उसकी पत्नी सुनीता का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।बी वहीं, दूसरा हादसा जंसा थाना क्षेत्र के सुमेरपुर पुलिया के पास हुआ। वाराणसी-भदोही सड़क निर्माण में लगी जेसीबी से दबकर साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई।

## अभी और बिगड़ेगा मौसम का मिजाज

▸▸ **गरज-चमक के साथ होगी बारिश, गिरेंगे ओले**

▸▸ **सर्द हवा बढ़ाएंगी ठिठुरन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अगले दो दिन मौसम का मिजाज बिगड़ने वाला है। प्रदेश के कई इलाकों में शुक्रवार और शनिवार को गरज चमक के साथ बूंदाबांदी के आसार है। शुक्रवार को पश्चिमी यूपी के आगरा समेत विभिन्न जगहों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सर्द हवा चलेंगी। मौसम विभाग की ओर से ओले गिरने की भी संभावना जताई जा रही है। 27-28 दिसंबर को पश्चिमी विक्षोभ के असर से गरम-चमक के साथ बूंदाबांदी और कहीं-कहीं ओले गिरने की चेतावनी जारी की गई है।

### सर्द हवाओं संग गिरेंगे ओले



आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शुक्रवार और शनिवार को बदले हुए मौसम के बीच पश्चिम में आगरा आदि में तेज सर्द हवाओं संग ओले गिरने की संभावना है।

### पारे में दो से चार डिग्री की कमी आएगी

प्रदेश में अगले दो दिन बादलों और सर्द हवाओं वजह से दिन के अधिकतम तापमान में दो से चार डिग्री तक की गिरावट आएगी। वहीं रात के पारे में भी दो से चार डिग्री की कमी देखने को मिलेगी। बारिश गुजर जाने के बाद अगले 48 घंटों में तापमान की बदली हुई स्थितियां फिर से पहले जैसी हो जाएंगी।

### ...और गिरेगा रात का पारा

राजधानी लखनऊ की बात करें तो अगले दो दिन में बूंदाबांदी, बादलों और हवा की मौजूदगी की वजह से दिन के तापमान के 15 से 18 डिग्री सेल्सियस तक आ जाने के संकेत हैं। हालांकि रात के पारे में थोड़ी कमी देखने को मिलेगी।

## छात्रों पर हुआ लाठीचार्ज तो भड़का लालू परिवार

▸▸ **रोहिणी बोली- हर जुल्म का जवाब मिलेगा**

**पटना।** राजधानी पटना में बीपीएससी कार्यालय के बाहर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे बीपीएससी अभ्यर्थियों पर बुधवार ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस कर्मियों नें छात्रों को दौड़ा दौड़ाकर पीटा। अभ्यर्थी परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली हुई है तो पूरी परीक्षा को रद्द करके फिर से परीक्षा आयोजित किया जाए। जिससे सभी को बराबरी का मौका मिल सके। छात्रों पर हुए लाठीचार्ज के बाद प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। अभ्यर्थियों के मुद्दे पर लालू परिवार ने बिहार सरकार पर निशाना साधा है।

### 'छात्रों पर लाठीचार्ज करना गलत बात'



गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने कहा कि छात्रों पर लाठीचार्ज नहीं करना चाहिए। गलत बात है। सरकार गलत कर रही है। उसे अभ्यर्थियों की मांग पर विचार करना ही होगा।

### संस्थागत भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश: तेजस्वी

इस पूरे मुद्दे पर तेजस्वी ने कहा कि 13 दिसंबर को आयोजित बीपीएससी की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा में कदाचार के उजागर होने पर पटना स्थित बापू परीक्षा केंद्र में आयोजित परीक्षा को रद्द कर सिर्फ उस केंद्र की पुनर्परीक्षा आयोजित कराना, सरकारी नियुक्ति प्रक्रियाओं में व्याप्त संस्थागत भ्रष्टाचार को छुपाने की कोशिश भर है।हमारी मांग है कि बीपीएससी पीटी पुनर्परीक्षा एक दिन, एक शिफ्ट, एक पेपर एवं एक पैटर्न में बिना पेपर लीक के संपन्न कराई जाए। उम्मीद है कि अभ्यर्थियों की समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से दहला सासाराम

## हत्या का केस नहीं उठाने पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

एजेंसी । सासाराम

सासाराम नगर थाना अंतर्गत मोची टोला मोहल्ला में बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की है। दिनदहाड़े गोलियों की तड़तड़ाहट से मोची टोला में दहल गया। हालांकि इस गोलीबारी के दौरान किसी प्रकार की हताहत की सूचना नहीं है। बताया जा रहा है कि पूर्व के विवाद में हुई हत्या मामले में दर्ज केस नहीं उठाने पर विपक्षी के द्वारा पपीता व्यवसाई के घर पर गोली चलाई गई है। गोलीबारी की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच में जुट गई है। पीड़ित पपीता व्यवसाई मोहम्मद अंजिम ने बताया कि अगस्त 2023 में उसके भाई मोहम्मद अफरोज आलम उर्फ चीकू की हत्या गोली मारकर कर दी गई थी। जिस मामले में आरोपी बार-बार केस उठाने की धमकी दे रहे हैं।

### केस नहीं उठाने पर अपराधियों की फायरिंग



पीड़ित पपीता व्यवसाई मोहम्मद अंजिम ने बताया कि आज मृतक अफरोज आलम उर्फ चीकू के भाई पपीता व्यवसाई मोहम्मद अजीम के घर आरोपियों के गुर्गों ने पहुंचकर केस उठाने की दबाव बनाने लगे। केस उठाने की बात को इनकार करने पर आरोपी के द्वारा भेजे गए अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली चलाना शुरू कर दिया और केस उठाने की धमकी देते हुए फरार हो गए। गोलियों की तड़तड़ाहट से मोची टोला में दहशत का माहौल बन गया है।

### घटना की जांच में जुटी पुलिस

नगर थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस की टीम मौके पर भेजी गई है, आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा। स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। हालांकि मौके पर पहुंची पुलिस फिलहाल कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से बच रही है।



## मुख्यमंत्री हेमंत के निर्देश के बाद एक्शन में एसीबी

### नेतरहाट स्कूल का अधिकारी 50 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद एसीबी की टीम रेस में आ गयी है। पलामू एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रोशन कुमार बक्शी को पचास हजार रुपये रिश्वत लेते गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। वह बिल निकासी के एवज में पैसे की मांग कर रहा था। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम उन्हें गिरफ्तार करने के बाद आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

### क्या है मामला ?

जानकारी के मुताबिक अरविंद यादव नामक व्यक्ति नेतरहाट विद्यालय में दूध सप्लाई करता है। जब दूध सप्लाई करने वाले शख्स को पैसे भुगतान करने की बारी आयी तो स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी ने इसके बदले रिश्वत के तौर पर पैसे की मांग की। जिससे वह परेशान हो गया। अंत में उन्होंने तंग आकर स्कूल के अधिकारी रोशन कुमार बक्शी के खिलाफ पलामू एसीबी से शिकायत की।

### कैसे बनायी गयी गिरफ्तारी की योजना ?

सूचना मिलने के बाद एसीबी की टीम ने अपने स्तर से जांच पड़ताल की। जांच में जब यह स्पष्ट हो गया कि प्रशासनिक पदाधिकारी द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है तो निगरानी विभाग की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई।




# FY25 में 6.5% की रेट से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

### दूसरी तिमाही में ग्रोथ घटकर 21 महीने के निचले स्तर पर आ गई थी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने वित्त-वर्ष 2024-25 के लिए भारत की ग्रॉस डोमेस्टिक प्रोडक्ट यानी GDP ग्रोथ का अनुमान 6.5% लगाया है। सितंबर तिमाही के दौरान ग्रॉस फिक्स्ड कैपिटल फॉर्मेशन और प्राइवेट कंजम्पशन में कमी के चलते इस अनुमान में कमी आई है। इससे पहले इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी IMF ने इसका अनुमान 7% बरकरार रखा है। वहीं वित्त वर्ष 2025-26 के लिए GDP अनुमान भी 6.5% पर ही बरकरार रखा है। 9 अक्टूबर को RBI ने FY25 के लिए भारत की GDP ग्रोथ का अनुमान 7.2% पर बरकरार रखा था। वहीं अगस्त में वर्ल्ड बैंक ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए भारत की GDP ग्रोथ के अनुमान को 6.6% से बढ़ाकर 7% किया था। तब वर्ल्ड बैंक ने कहा था कि पिछले वित्त वर्ष 2024 में भारतीय इकोनॉमी 8.2% की रफ्तार से बढ़ी, जो सबसे तेज रही।

### जुलाई से सितंबर के बीच GDP ग्रोथ घटकर 5.4%




वित्त वर्ष 2025 की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की GDP ग्रोथ घटकर 5.4% पर आ गई। यह सात तिमाहियों में सबसे धीमी ग्रोथ रही। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के खराब प्रदर्शन के कारण GDP ग्रोथ धीमी रही। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने आज 29 नवंबर को यह डेटा रिलीज किया था। इससे पहले 2023 की तीसरी तिमाही में ग्रोथ 4.3% रही थी। वहीं एक साल पहले समान तिमाही (Q2FY24) में यह 8.1% थी।

पिछली तिमाही यानी, Q1FY25 में ये 6.7% रही थी। भारत का GVA जुलाई-सितंबर तिमाही में 5.6% की दर से बढ़ा है। एक साल पहले की समान तिमाही में GVA ग्रोथ 7.7% रही थी। वहीं पिछली तिमाही में GVA ग्रोथ 6.8% थी।

### प्रमुख देशों में भारत अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी

धीमी जीडीपी ग्रोथ के बावजूद भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बीच अभी भी सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है। इस साल जुलाई-सितंबर तिमाही में चीन की GDP ग्रोथ 4.6% रही। वहीं जापान की जीडीपी 0.9% की दर से बढ़ी है।

## बजट में मध्यम वर्ग को मिल सकती है आयकर से जुड़ी राहत

▸▸ **नौकरीपेशा लोगों के लिए आयकर छूट सीमा को बढ़ाए जाने और कर दरों में बदलाव संभव**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार इस बार आम बजट के जरिए मध्य वर्ग को राहत दे सकती है। खासकर आयकर स्लैब में परिवर्तन किया जा सकता है। अभी तक की चर्चा के बाद इस तरह के संकेत मिल रहे हैं कि सरकार मध्य वर्ग के लिए आयकर छूट सीमा को बढ़ाने से लेकर अन्य तरह के उपाय कर सकती है। एक फरवरी को पेश होने वाले वित्तीय वर्ष 2025-26 के आम बजट को लेकर केंद्र सरकार ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभी तक कई अलग-अलग क्षेत्रों के प्रतिनिधियों और विशेषज्ञों के साथ चर्चा हो चुकी है। 30 दिसंबर तक केंद्रीय वित्त मंत्री इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी, शहरी, उद्योग, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगी।

### 15 लाख की आय वाले लोगों को मिल सकती है राहत

सूत्र बताते हैं कि सरकार 10- 15 लाख रुपये तक की सालाना आय वाले लोगों पर आयकर को बोझ थोड़ा कम कर सकती है। मौजूदा समय में 10-15 लाख तक की सालाना आय वाले लोगों को दो कर (स्लैब) है। इसमें 10-12 लाख की श्रेणी में आने वाले लोगों पर 15 फीसदी और 12 से 15 लाख के स्लैब में आने वाले लोगों पर 20 फीसदी कर लगता है। जबकि 15 लाख से अधिक की श्रेणी आने वाले लोगों पर 30 फीसदी आयकर लगता है। अर्थशास्त्रियों ने महंगाई को देखते हुए सरकार को 15 लाख तक की सालाना आय पर कर दरों में कमी की सलाह दी है। महंगाई के चलते बड़े शहरों में रहने वाले लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा घर व कार की ईएमआई पर चुकाते हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### एसआईपी पैसे कटने से तीन दिन पहले करवा सकेंगे रद्द

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब निवेशक अपनी व्यवस्थित निवेश योजना यानी एसआईपी को भुगतान की तारीख से महज तीन दिन पहले बंद करा सकेंगे या उसकी किस्त को रोक पाएंगे। आवेदन प्राप्त होने के बाद म्यूचुअल फंड कंपनी को दो दिन (टी 2) के भीतर इस प्रक्रिया को पूरा करना होगा। इससे निवेशकों को जुर्माने और अन्य वित्तीय परेशानियों से बचने में मदद मिलेगी। नया नियम लागू कर दिया गया है। पहले यह थी प्रक्रिया इससे पहले एसआईपी को रद्द कराने के लिए निवेशकों को 10 कार्य दिवस पहले आवेदन करना पड़ता था। इतने लंबे समय में बैंक खाते की स्थिति का सही अनुमान लगाना मुश्किल होता था, जिससे कई बार किस्त बाउंस हो जाती थी। इसके चलते निवेशकों को ईसीएस या मैंडेट रिटर्न चार्ज जैसे अतिरिक्त शुल्क चुकाने पड़ते थे। सेबी ने इस समस्या के समाधान के लिए रद्द करने की प्रक्रिया को सरल किया है। नया नियम ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह के एसआईपी पर लागू होगा। मान लीजिए कि किसी निवेशक की एसआईपी किस्त हर महीने की 10 तारीख है। किसी महीने में सात तारीख तक उसके खाते में पर्याप्त रकम नहीं है। ऐसे स्थिति में वह सात तारीख को एसआईपी रोकने या बंद करने का अनुरोध कर सकता है। म्यूचुअल फंड कंपनी को 10 तारीख से पहले इसे रद्द करना होगा। इस बीच निवेशक पर किसी तरह का जुर्माना नहीं लगेगा।

### रुपया 12 पैसे टूटकर नए निचले स्तर पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में कमजोर रहा और 12 पैसे गिरकर 85.27 (अस्थायी) प्रति डॉलर के नए सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपये को लेकर धारणा कमजोर हुई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि आयातकों की ओर से महीने के अंत के साथ-साथ साल के अंत में डॉलर की मांग में वृद्धि तथा डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा आक्रामक आयात शुल्क लगाए जाने की आशंका से अमेरिकी मुद्रा में तेजी आई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 85.23 पर खुला और दिन में कारोबार के दौरान 85.28 के निचले स्तर तक आया।

## सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती उतार-चढ़ाव के बाद सपाट बंदी

**मुंबई।** गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार ने अधिकांश समय सीमित दायरे में कारोबार करते हुए दिन का अंत लगभग सपाट स्तर पर किया। शुरुआत में बढ़त के साथ खुलने के बाद शुरुआती खरीदारी ने सेंसेक्स और निफ्टी को ऊंचाई पर पहुंचा दिया, लेकिन 15 मिनट के भीतर बिकवाली का दबाव बढ़ने से सूचकांक नीचे आ गए। दिन के अंत में, सेंसेक्स में 0.39 अंक की मामूली गिरावट दर्ज की गई, जबकि निफ्टी 0.10% की बढ़त के साथ बंद हुआ।



### प्रमुख सेक्टर्स की स्थिति

**खरीदारी वाले सेक्टर्स:** पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, ऑटोमोबाइल, और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में सकारात्मक प्रदर्शन हुआ।

**मजबूत बंदी वाले सेक्टर्स:** कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, और टेक इंडेक्स मजबूत रहे।

**बिकवाली वाले सेक्टर्स:** एफएमसीजी, मेटल, बैंकिंग, और आईटी सेक्टर्स में बिकवाली के कारण गिरावट देखी गई।

**ब्रॉडर मार्केट का हाल:** बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.11% बढ़त के साथ बंद हुआ, जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स में 0.24% की गिरावट दर्ज की गई।

सपाट कारोबार के बावजूद बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़कर 442.08 लाख करोड़ (अस्थायी) हो गया।

न्यूज़ ब्रीफ


## पायक्रॉफ्ट ने मैच रेफरी के रूप में 100 टेस्ट पूरे किए



एजेंसी | मेलबर्न

जिम्बाब्वे के पूर्व कप्तान एंडी पायक्रॉफ्ट गुरुवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉक्सिंग डे टेस्ट के साथ मैच रेफरी के तौर पर 100 मैच पूरे करने वाले पुरुष टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में चौथे अधिकारी बन गए। इस सूची में सबसे अनुभवी मैच रेफरी के रूप में श्रीलंका के पूर्व खिलाड़ी रंजन मदुगले 225 टेस्ट के साथ पहले स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के जेफ क्रो (125) दूसरे और इंग्लैंड के क्रिस ब्रॉड (123) तीसरे स्थान पर हैं। 68 वर्षीय पायक्रॉफ्ट ने 1983-1992 तक जिम्बाब्वे के लिए तीन टेस्ट और 20 वनडे मैच खेले हैं। पायक्रॉफ्ट ने कहा, इस मुकाम को छूना एक बड़ा सम्मान है। यह यात्रा शानदार रही है और मैंने इसके हर पल को संजोकर रखा है। उन्होंने 2009 से अब तक 238 पुरुष वनडे, 174 पुरुष टी-20 और 21 महिला टी-20 मैचों में भी रेफरी की भूमिका निभाई है।

## रायबाकिना को नए कोच के साथ अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद



एजेंसी | पर्थ

पूर्व विम्बलडन चैंपियन एलेना रायबाकिना को उम्मीद है कि नए कोच गोरान इवानेसेविच के साथ उनकी नई पारी से उन्हें फायदा मिलेगा। उन्होंने 24 ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता और दिग्गज नोवाक जोकोविच के पूर्व कोच गोरान इवानोसेविच के साथ हाल में ही करार किया है। अब शुक्रवार से उन्हें युनाइटेड कप में हिस्सा लेना है। दुनिया की छठे नंबर की महिला टेनिस खिलाड़ी रायबाकिना ने गुरुवार को यहां प्रैक्टिस के बाद कहा, हमने कुछ समय एकसाथ प्रैक्टिस की। वह बहुत मजेदार हैं। टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में स्पेन का सामना कजाखस्तान से होगा। इसमें रायबाकिना को 54वीं रैंक जेसिका बोउजास के खिलाफ प्रबल दावेदार माना जा रहा है। 53 साल के इवानेसेविच की वह पहली परीक्षा होगी।

बॉक्सिंग डे टेस्ट

# पहले दिन बराबरी की रही टक्कर

### पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया रहा हावी, तीसरा सेशन भारत ने किया अपने नाम

एजेंसी | मेलबर्न

मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म हो चुका है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अपनी पहली पारी में छह विकेट गंवाकर 311 रन बना लिए हैं। स्टीव स्मिथ 68 रन और कप्तान पैट कमिंस आठ रन बनाकर नाबाद हैं। पहले दिन बराबरी की टक्कर रही। जहां पहला सत्र ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। वहीं, दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच मजबूत प्रतिद्वंद्विता दिखी। तीसरे सत्र में भारत पूरी तरह से हावी रहा।



बॉक्सिंग डे टेस्ट

**पहला दिन**

| सत्र | ओवर | रन बने | विकेट गंवाए | रन रेट |
|---|---|---|---|---|
| पहला | 25 | 112 | 1 | 4.43 |
| दूसरा | 28 | 64 | 1 | 2.29 |
| तीसरा | 33 | 135 | 4 | 4.09 |

### पहले सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 112 रन बनाए

ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को पहले सत्र में 25 ओवर में 4.48 के रन रेट से 112 रन बनाए थे और सिर्फ एक विकेट गंवाया था। 112 रन बॉक्सिंग डे टेस्ट के शुरुआती दिन के पहले सत्र में बनाए गए सर्वाधिक रन हैं। इससे पहले भी यह रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के ही नाम था। उन्होंने 2007 में भारत के खिलाफ ही बिना विकेट गंवाए 111 रन बनाए थे। दूसरे सत्र में दोनों के बीच अच्छी लड़ाई देखने को मिली। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया ने 28 ओवर में 2.29 के रन रेट से 64 रन और जोड़े। इस सत्र में भी ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट गंवाया। उस्मान ख्वाजा दूसरे सत्र में आउट हुए। तीसरे सत्र में जसप्रीत बुमराह ने भारत की वापसी कराई और ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श को पवेलियन भेजा। तीसरे सत्र में ऑस्ट्रेलिया ने 33 ओवर में 4.09 के रन रेट से 135 रन बनाए, लेकिन चार विकेट भी गंवाए। हेड और मार्श के अलावा एलेक्स कैरी और मार्नस लाबुशेन आउट हुए।

### दोनों टीमों में एक-एक बदलाव, गिल बाहर

इस मैच के लिए दोनों टीमों में एक-एक बदलाव हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने जोश हेजलवुड की जगह स्कॉट बोलैंड और भारत ने शुभमन गिल की जगह वॉशिंगटन सुंदर को मौका दिया। कंगारुओं की शुरुआत अच्छी रही और 19 साल के डेब्यूटांट सैम कोंस्टास ने उस्मान ख्वाजा के साथ पहले विकेट के लिए 89 रन की साझेदारी निभाई। कोंस्टास ने अपने डेब्यू मैच में ही आक्रामक बल्लेबाजी की और बुमराह को निशाने पर लिया। उन्होंने अर्धशतक जमाया। हालांकि, इसके बाद रवींद्र जडेजा की गेंद पर एल्बीडब्ल्यू आउट हो गए।

### लाबुशेन ने सबसे ज्यादा 72 रन बनाए



इसके बाद ख्वाजा ने स्टीव स्मिथ के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी निभाई। ख्वाजा ने टेस्ट करियर का 27वां अर्धशतक लगाया। वह 121 गेंद में छह चौके की मदद से 57 रन बनाकर बुमराह की गेंद पर आउट हुए। वहीं, हेड खाता नहीं खोल सके। उन्हें बुमराह ने क्लीन बोल्ड किया। बुमराह ने फिर मिचेल मार्श को भी सस्ते में निपटा दिया। वह चार रन बना सके। लाबुशेन ने 145 गेंद में सात चौके की मदद से 72 रन की पारी खेली। यह उनके टेस्ट करियर का 22वां अर्धशतक रहा। वहीं, स्मिथ ने अब तक शानदार बल्लेबाजी की है। वह 111 गेंद पर 68 रन की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगा चुके हैं। भारत की ओर से बुमराह ने तीन विकेट लिए। वहीं, आकाश दीप, जडेजा और सुंदर को एक-एक विकेट मिला।

# भारतीय महिला टीम की नजरें विंडीज के सफाए पर

- 159 रन सर्वाधिक दो मैच में हरलीन देयाल ने बनाए हैं
- 06 विकेट रेणुका सिंह और जैदा जेम्स ने दो मैच में लिए



एजेंसी | वडोदरा

भारतीय महिला टीम खराब फॉर्म से जूझ रही वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे और आखिरी एक दिवसीय मैच में शुक्रवार को 'क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर तीनों वनडे हारने के बाद भारतीय टीम ने अपने घर में वेस्टइंडीज के खिलाफ जीत की राह पर वापसी की है। भारतीय टीम ने सीरीज में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों मैच में 300 से अधिक का स्कोर बनाया। पहले मैच में स्मृति मंधाना के साथ पारी का आगाज करने वाली पत्रिका रावल ने दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करके उम्मीद जगाई है। हरलीन देयोल ने दूसरे मैच में तीसरे नंबर पर उतरकर शतक जड़ा और वह इस लय को कायम रखना चाहेंगी। पूरी तरह से फिट होने के बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर भी आत्मविश्वास से भरी लग रही हैं लेकिन अभी तक बड़ी पारी नहीं खेल पाई हैं।

### विकल्प आजमाना संभव

यह मुकाबला चूंकि औपचारिकता का है, लिहाजा भारतीय टीम में तनुजा कंवर और तेजल हसब्निस को उतारा जा सकता है। वेस्टइंडीज टीम को जीत के साथ स्वदेश लौटने के लिए अपने प्रदर्शन में काफी सुधार करना होगा। उसके लिए सिर्फ हेली मैथ्यूज ही प्रभावित कर सकी हैं।

# विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 20% जुर्माना

एजेंसी | मेलबर्न

भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जा रहे चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन सैम कोंस्टास से धक्का-मुक्की के कारण जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी ने पूर्व भारतीय कप्तान के खिलाफ मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़े।

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में खेले जा रहे चौथे टेस्ट के पहले दिन ही मैदान पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला था। ऑस्ट्रेलियाई पारी के 11वें ओवर में विराट कोहली और 19 साल के सैम कोंस्टास के बीच भिड़ंत हुई। दोनों के कंधे से कंधा टकराया था।



### कोहली ने स्वीकार की सजा

विवाद बढ़ने के बाद यह तय माना जा रहा था कि कोहली पर आईसीसी कार्रवाई करेगा और क्रिकेट की वैश्विक संस्था ने अब खुद इसकी पुष्टि कर दी है। आईसीसी ने बताया कि कोहली पर आईसीसी की आचार संहिता के आर्टिकल 2.12 के तहत जुर्माना लगाया गया है और उन्होंने आचार संहिता के लेवल-1 का उल्लंघन किया था। यह किसी खिलाड़ी, सहयोगी स्टाफ, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति के साथ अनुचित व्यवहार से संबंधित होता है। हालांकि, इस मामले में आधिकारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी क्योंकि कोहली ने सजा स्वीकार कर ली।

### विवाद पर क्या बोले थे कोंस्टास?

कोहली के साथ विवाद पर 19 वर्ष के ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कोंस्टास ने इस मामले को तूल नहीं देते हुए कहा कि कोहली गलती से उनसे टकरा गए। कोंस्टास ने कहा कि कोहली जानबूझकर उनसे नहीं टकराए थे। उन्होंने कहा, 'विराट कोहली गलती से मुझसे टकरा गए। यह क्रिकेट है और तनाव में ऐसा हो जाता है। मुझे लगता है कि हम दोनों पर जज्बात हावी हो गए थे। मुझे समझ में ही नहीं आया। मैं अपने दस्ताने पहन रहा था कि अचानक उनका कंधा मुझसे टकराया। क्रिकेट में यह सब होता रहता है।'

### 10वें और 11वें ओवर के बीच भिड़े कोहली और कोंस्टास

ऑस्ट्रेलियाई पारी के 10वें ओवर के बाद और 11वें ओवर के बीच में यह घटना घटी। कोंस्टास ने जसप्रीत बुमराह की गेंद पर दो चौके और एक छक्का लगाया। 10वें ओवर के बाद कोहली नॉन स्ट्राइकर एंड से वापस आ रहे थे। वहीं, कोंस्टास क्रीज से आगे निकल रहे थे। तभी कोहली का कंधा कोंस्टास के कंधे से जा लड़ा। दोनों की टक्कर हुई। इस पर कोंस्टास ने पीछे मुड़कर कोहली को कुछ शब्द कहे और फिर कोहली ने भी जवाब दिया। दोनों के बीच तूतूमैंमैं का वीडियो सामने आया है। इसके बाद अंपायर को आकर दोनों को दूर किया और मामला शांत कराया। इसके बाद कोंस्टास ने 11वें ओवर में 18 रन बटोरे थे। इस दौरान उन्होंने दो चौके और एक छक्का लगाया था।

# हॉकी इंडिया लीग ने हमें बुलंदियों तक पहुंचाया : हरमनप्रीत

एजेंसी | राउरकेला

भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह का मानना है कि हॉकी इंडिया लीग से महिला टीम को वैसा ही फायदा होगा, जौसा उनकी टीम को हुआ और वे ओलंपिक पदक जीतने में कामयाब रहे। पुरुष लीग में आठ टीमें होंगी और पहली बार हो रही महिला लीग में छह टीमें रहेंगी। भारतीय पुरुष हॉकी ने पांच दशक बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीते हैं। हरमनप्रीत ने कहा, नामी-गिरामी खिलाड़ियों के साथ और उनके खिलाफ खेलने का मौका मिलने से हम बेहतर खिलाड़ी बने। इस बार महिला लीग भी शुरू हो रही है और मुझे पूरा यकीन है कि इससे महिला टीम को भी उसी तरह से भविष्य में फायदा मिलेगा। हरमनप्रीत लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने हैं जिन्हें सूरमा क्लब ने 78 लाख रुपये में खरीदा।



आईएलटी-20

## साउदी शारजाह वारियर्स के कप्तान



एजेंसी | शारजाह

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों में से एक टिम साउदी डीपी वर्ल्ड आईएलटी-20 के तीसरे संस्करण के लिए शारजाह वारियर्स टीम की कप्तानी करेंगे। तीसरे सत्र की शुरुआत 11 जनवरी को होगी और वॉरियर्स अपना पहला मैच 12 जनवरी को गुजरात जायंट्स से खेलेगा। 30 दिन चत चलने वाले छह टीमों के इस टूर्नामेंट में 34 मुकाबले खेले जाएंगे जो डबल राउंड रॉबिन लीग और प्लेऑफ के प्रारूप पर आधारित होगा। इसमें एमआई एमिरेट्स की टीम खिताब बचाने के लिए उतरेगी। पिछले साल उसने दुबई कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था।

# विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज में आसान नहीं एरिगेसी की राह

एजेंसी | न्यूयॉर्क

ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी जब विश्व रैपिड एंड ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे तो वह 2026 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाला पहला भारतीय बनने की कोशिश करेंगे। हालांकि इसके लिए उन्हें कड़ी चुनौतियों का सामना करना होगा। एरिगेसी 2024 से क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की सूची में अमेरिका के फैबियानो कारूआना से पीछे हैं। उन्हें विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप जीतने के लिए मुश्किल बाधाओं को पार करना होगा। पिछली बार किसी भारतीय ने 2019 में खिताब जीता था जब कोनेरू हंपी ने जीत हासिल की थी। वहीं 2017 में विश्वनाथन आनंद ने ट्रॉफी जीती थी। दुनिया के शीर्ष रेटिंग वाले खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन रैपिड और ब्लिट्ज दोनों में शीर्ष वरीय के रूप में शतरंज के इस तेज संस्करण में अपने खिताब का बचाव करने उतरेंगे। निश्चित रूप से किसी के लिए भी सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी होंगे। एरिगेसी के लिए कार्लसन के साथ कारुआना और अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को पछाड़ना आसान नहीं होगा। तीनों खिलाड़ी शतरंज के इस तेज प्रारूप में माहिर हैं।



### गुकेश नहीं होंगे

प्रतिभागियों की सूची में शतरंज की दुनिया के लगभग सभी दिग्गज शामिल हैं और सिर्फ एकमात्र बड़ा नाम डी गुकेश नहीं हैं। उन्होंने कुछ हफ्तों पहले सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप जीतने के बाद नाम वापस ले लिया था। भारत की ओर से आर प्रज्ञाननंदा से भी उम्मीद की जा सकती है। वह आराम कर चुके हैं और इस टूर्नामेंट के साथ साल का अंत अच्छी तरह करना चाहेंगे। महिलाओं में हंपी एक बार फिर भारतीयों में प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेंगी। आर वैशाली और दिव्या देशमुख दो उभरती स्टार हैं जो पिछले एक साल में काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं।

**भारतीय टीम**

- **पुरुष ओपन :** अर्जुन एरिगेसी, आर प्रज्ञाननंदा, रौनक साधवानी, संदीपन चंदा, अरविंद चिदंबरम, हर्षा भरतकोटी, प्रणव वी, भरत सुब्रमण्यम, दीप्तायन घोष और कार्तिक वेंकटरमन।
- **महिला :** कोनेरू हंपी, हरिका द्रोणावल्ली, दिव्या देशमुख, वैशाली रमेशबाबू, वंतिका अग्रवाल, साहिथी वार्शिनी एम, पद्मिनी राउत और प्रियंका नुटाक्की।



# 'बिग बॉस 18' में नजर आएंगे राम चरण

### सलमान खान के साथ 'गेम चेंजर' का प्रचार

पिछले लंबे समय दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता राम चरण अपनी आगामी फिल्म 'गेम चेंजर' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में राम चरण की जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। अमेरिका में फिल्म का प्रचार-प्रसार पहले ही खत्म हो चुका है, वहीं अब राम चरण जल्द ही भारत में फिल्म का प्रचार शुरू करने वाले हैं। खबर है कि राम चरण जल्द ही सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 18' में नजर आएंगे।

### अगले साल 10 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म

'गेम चेंजर' का निर्देशन शंकर कर रहे हैं। दिल राजू इस फिल्म के निर्माता हैं। विनय विद्या राम' के बाद यह कियारा और राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है। 'गेम चेंजर' एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर जैसे सितारे भी नजर आएंगे। यह फिल्म 10 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इसका सामना सोनू सूद की फिल्म 'फतेह' से होगा।


### सामने आई ये जानकारी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राम चरण फिल्म 'गेम चेंजर' के प्रचार की शुरुआत 'बिग बॉस 18' से करने वाले हैं। इस शो में वह अपनी सह-कलाकार कियारा के साथ पहुंचेंगे। दोनों जल्द मुंबई के एक स्टूडियो में अपने हिस्से की शूटिंग करेंगे। बता दें कि सलमान और राम चरण बेहद करीबी दोस्त हैं। राम चरण ने पिछली बार सलमान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में कैमियो किया था।



# सलमान ने शेयर किया 'सिकंदर' का पहला पोस्टर

बॉलीवुड के दबंग अभिनेता सलमान खान ने अपने जन्मदिन पर फैंस को तोहफा देने की पूरी तैयारी कर ली है। अभिनेता ने अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' का पहला लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिससे प्रशंसक टीजर के लिए उत्साहित हैं। फिल्म का टीजर कल उनके जन्मदिन पर रिलीज होने वाला है।




### सामने आया दमदार लुक

सामने आए लुक में सलमान खान एक दमदार अवतार में दिख रहे हैं, जिसमें उन्होंने भाला पकड़ा हुआ है, जो पोस्टर में एक शक्तिशाली और तीव्र वाइब जोड़ता है। फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध ए.आर. मुरुगादॉस ने किया है और इसे साजिद नाडियाडवाला ने प्रस्तुत किया है।

# RRR: बिहाइंड एंड बियॉन्ड: 'RRR' बनने के पीछे की कहानी

जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म 'RRR' ने पिछले साल बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खूब सराहना मिली। फिल्म गोल्डन ग्लोब और ऑस्कर जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार भी लेकर आई। इस फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अब राजामौली डॉक्यूमेंट्री फिल्म 'RRR : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' लेकर आ रहे हैं, जिसमें वह 'RRR' बनने के पीछे की कहानी से दर्शकों को रूबरू करवाएंगे।



### नेटफ्लिक्स पर देख पाएंगे डॉक्यूमेंट्री

आखिरकार 'RRR : बिहाइंड एंड बियॉन्ड' का ट्रेलर का सामने आया गया है। इस फिल्म के जरिए राजामौली बताना चाहते हैं कि फिल्म बनने के लिए उन्होंने कितनी मुश्किलों का सामना किया था। इस फिल्म में इसके सफल ऑस्कर अभियान के पीछे के दृश्यों को भी दिखाया जाएगा। डॉक्यूमेंट्री का प्रीमियर 27 दिसंबर से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है। निर्माताओं ने इसकी घोषणा करते हुए लिखा, 'आपने आग और पानी तो देख लिया है। अब देखिए चिंगारी किसने जलाई।'

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



## न्यूज़ ब्रीफ

### सीटी रवि की गिरफ्तारी मामले में कार्रवाई

**बंगलूरू।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और विधान परिषद सदस्य सीटी रवि के हिरासत से जुड़े मामले में एक पुलिस निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल, रवि की हिरासत के दौरान नेताओं और अन्य लोगों को कथित तौर पर थाने के अंदर जाने देकर कर्तव्य में लापरवाही बरतने के आरोप में यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक के निलंबन का आदेश 21 दिसंबर को बेलगावी के उत्तरी क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा जारी किया गया। सीटी रवि को विधान परिषद हॉल में मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के खिलाफ अपमानजनक शब्द का इस्तेमाल करने के आरोप में 19 दिसंबर को बेलगावी में सुवर्ण विधान सौध के परिसर से पुलिस ने गिरफ्तार किया था।

### हुबली आग हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत

**हुबली।** हुबली के एक शिव मंदिर में एलजीपी सिलिंडर में ब्लास्ट होने से झुलसे दो अयप्पा मालाधारियों (भक्त) की मौत हो गई। जबकि सात घायलों का इलाज चल रहा है। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को हुबली के कर्नाटक मेडिकल कॉलेज और अनुसंधान संस्थान पहुंचकर घायलों की स्थिति की जानकारी ली। वहीं सीएम सिद्धारमैया ने मृतकों को पांच लाख रुपये मुआवजा देने का एलान किया। कर्नाटक के हुबली स्थित साईनगर के एक शिव मंदिर में रविवार रात को रसोई गैस सिलिंडर में ब्लास्ट हुआ था। इसमें नौ श्रद्धालु झुलस गए थे। बताया गया था कि हादसे के वक्त श्रद्धालु सो रहे थे। सभी घायलों को इलाज के लिए केसीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार को यहां पर दो श्रद्धालुओं ने दम तोड़ दिया।

### अहमदाबाद एयरपोर्ट पर तीन किलो सोना जब्त

**अहमदाबाद।** बैंकॉक से आने वाले एक भारतीय नागरिक को विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर रोका गया और उसके पास से ३ किग्रा सोना जब्त कर गिरफ्तार कर लिया गया। डीआरआई ने सोने की तस्करी का मुकाबला करने में अपना मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है, अहमदाबाद और सूरत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों पर 2024 में कुल जब्ती 93 किलोग्राम से अधिक है।

### स्टालिन के खिलाफ भाजपा का हल्ला बोल

**चेन्नई।** तमिलनाडु में विपक्षी राजनीतिक दल की भूमिका में भाजपा ने आक्रामक तेवर दिखाए हैं। डीएमके के खिलाफ हुंकार भरते हुए प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा, शुक्रवार को वे अपने घर के सामने विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को 6 बार कोड़े मारूंगा... 48 दिनों तक उपवास करूंगा और छह भुजाओं वाले मुरुगन से प्रार्थना करूंगा।' उन्होंने कहा कि शुक्रवार से वे जूता-चप्पल नहीं पहनेंगे। उन्होंने कहा, जब तक डीएमके सत्ता से बाहर नहीं हो जाती, वे जूते-चप्पल नहीं पहनेंगे। अन्नामलाई ने उग्र तेवर दिखाते हुए कहा, शुक्रवार को भाजपा के हर सदस्य के घर के सामने विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

## चुनाव आयोग ने जारी किया लोकसभा चुनाव का डेटा

# महिला वोटर्स ने पुरुषों से ज्यादा डाले वोट



एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने इस साल के शुरुआत में हुए लोकसभा और कई राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों से जुड़ा डाटा जारी कर दिया है। डेटा के अनुसार लोकसभा चुनावों में 64.4 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया, जिसमें महिला मतदाताओं की भागीदारी पुरुष मतदाताओं से ज्यादा थी। चुनाव आयोग ने कहा कि महिला मतदाताओं का प्रतिशत 65.78 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुष मतदाताओं का प्रतिशत 65.55 प्रतिशत रहा। चुनाव आयोग के पदाधिकारियों ने दावा किया कि इस तरह का विस्तृत डेटा दुनिया भर के लोकतंत्रों में किसी भी चुनाव प्रबंधन निकाय द्वारा साझा नहीं किया जाता है। लोकसभा चुनाव, 2024 और चार विधानसभा चुनावों आंध्र प्रदेश, ओडिशा, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के आंकड़े संसदीय चुनावों के साथ चुनाव आयोग द्वारा खुलासा न करने के आरोपों की पृष्ठभूमि में आए हैं।

### वोटरों की संख्या में हुई 7.43% की वृद्धि

वहीं, वोटरों की संख्या में 7.43 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो साल 2019 में 91.19 करोड़ के मुकाबले इस बार 97.97 करोड़ से ज्यादा नागरिकों ने खुद को मतदाताओं के रूप में पंजीकृत किया। चुनाव आयोग ने कहा कि इन पंजीकृत मतदाताओं में से 64.64 करोड़ ने 2024 में वोट डाले थे, जबकि 2019 में ये संख्या 61.4 करोड़ थी। साथ ही 13 हजार से ज्यादा 27 प्रतिशत थर्ड जेंडर के मतदाताओं ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पोल पैनल के अनुसार, कोई भी भारतीय नागरिक जो मतदाता सूची में पंजीकरण कराता है, उसे मतदाता के रूप में परिभाषित किया गया है। जो निर्वाचक अंततः मतदान करता है उसे मतदाता कहा जाता है। आयोग के मुताबिक, ईवीएम और डाक मतपत्र से कुल 64,64,20,869 वोट पड़े। इसमें ईवीएम पर 64,21,39,275 वोट पड़े, जिनमें 32,93,61,948 पुरुष मतदाता और 31,27,64,269 महिला मतदाता थे।

### असम में हुआ सबसे ज्यादा मतदान

चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, असम में धुबरी संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 92.3 प्रतिशत मतदान हुआ तो जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में सबसे कम 38.7 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि 2019 में यह 14.4 प्रतिशत था। साथ ही कम-से-कम 11 संसदीय क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम रहा। चुनाव आयोग ने बताया कि 2019 में 540 की तुलना में कुल 10.52 लाख मतदान केंद्रों में से 40 मतदान केंद्रों या 0.0038 प्रतिशत पर पुनर्मतदान हुए। इसके अलावा प्रवासी भारतीय मतदाताओं का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि इस श्रेणी में 1,19 लाख से अधिक लोग पंजीकृत थे, जिनमें 1.06 लाख पुरुष, 12,950 महिलाएं और 13 थर्ड जेंडर शामिल थे। जबकि 2019 में 99,844 पंजीकृत विदेशी मतदाता थे। प्रवासी भारतीय मतदाता वे हैं जो विभिन्न कारणों से विदेश में रहने वाले भारतीय नागरिक हैं और यहां मतदान करने के पात्र हैं। वे पहचान के प्रमाण के रूप में अपना मूल पासपोर्ट दिखाकर मतदान करने के लिए भारत आए थे।

### 800 महिला उम्मीदवारों ने लड़ा चुनाव

चुनाव में महिलाओं की भागीदारी का जिक्र करते हुए चुनाव आयोग ने कहा कि चुनाव लड़ने वाली महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी, जबकि 2019 में यह 726 थी। महाराष्ट्र में सबसे अधिक 111 महिला उम्मीदवार मैदान में थीं, इसके बाद उत्तर प्रदेश में 80 और तमिलनाडु में 77 महिलाएं थीं। साथ ही कुछ 543 लोकसभा क्षेत्रों में से 152 क्षेत्र ऐसे थे, जहां कोई महिला उम्मीदवार नहीं थी।

# हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली चुनाव में सक्रिय हुआ संघ

एजेंसी। नागपुर/नई दिल्ली



हरियाणा और महाराष्ट्र के विधानसभा चुनावों में भाजपा को सफलता दिलाने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) ने अब दिल्ली में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। संघ की इस पहल से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। दिल्ली, जहां पिछले ढाई दशक से भाजपा सत्ता से बाहर रही है, अब संघ की रणनीतिक सक्रियता के चलते आगामी विधानसभा चुनावों में नए समीकरण बनते दिख रहे हैं।

### संघ की रणनीति और बैठकें

संघ के सूत्रों के अनुसार, दिल्ली में हजारों छोटी-छोटी बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों का उद्देश्य लोगों को विकास और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर जागरूक करना है। बैठकें संघ और भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों के बीच हुई चर्चा के आधार पर आयोजित की जा रही हैं। इस रणनीति में सीधे संघ के मुख्य संगठन के बजाय उसके आनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है।

### राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर ध्यान

इन बैठकों में किसी पार्टी या दल का सीधा उल्लेख नहीं किया जा रहा है। इसके बजाय, नागरिकों को राष्ट्रीय और सामाजिक महत्व के मुद्दों पर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान घोषित पांच मुख्य विचारों, जैसे राष्ट्रीय विकास और पर्यावरण संरक्षण, को प्राथमिकता देते हुए जागरूकता फैलाई जा रही है।

### बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सक्रियता

संघ के स्वयंसेवक बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठनात्मक बैठकें कर रहे हैं। इन बैठकों में कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है कि विभिन्न वर्गों की बैठकों में किन मुद्दों पर जोर देना है। यह रणनीति हरियाणा और महाराष्ट्र में पहले भी सफल साबित हुई है और दिल्ली में इसे दोहराया जा रहा है। संघ की यह सक्रियता मतदान तक जारी रहेगी। इसका उद्देश्य लोगों को राष्ट्रवादी सोच के साथ मतदान करने के लिए प्रेरित करना और भाजपा के पक्ष में माहौल बनाना है। संघ की इस पहल से दिल्ली का आगामी चुनावी परिदृश्य रोचक और संभावनाओं से भरपूर नजर आ रहा है।

## नंदीग्राम में टीएमसी कार्यकर्ता का शव बरामद




एजेंसी। हुगली

पश्चिम बंगाल में हुगली जिले के नंदीग्राम में एक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) कार्यकर्ता का शव बरामद हुआ। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। मृतक की पहचान 52 वर्षीय महादेव बिशोई के तौर पर की गई है। वह नंदीग्राम ब्लॉक 1 गोकुलनगर पंचायत क्षेत्र का रहने वाला था। उसका शव वृंदावन चौक में मार्केट के अंदर चाय की दुकान के पास मिला। टीएमसी इस हत्या के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहरा रही है। उन्होंने पुलिस से जल्ज से जल्द कार्रवाई करने की अपील की। हालांकि, टीएमसी द्वारा लगाए गए आरोपों को भाजपा ने नकार दिया। टीएमसी कार्यकर्ता की हत्या के मामले में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या की गई। उसके दोनों पैर टूटे हुए थे। हाथों पर भी चोट के निशान पाए गए।

## फेमस RJ और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सिमरन सिंह की मौत

### गुरुग्राम में उनके अपार्टमेंट मिला शव

एजेंसी। गुरुग्राम



जम्मू की बेहद लोकप्रिय फ्रीलान्सर रेडियो जॉकी (आरजे) और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर सिमरन सिंह की गुरुवार को गुरुग्राम में मौत हो गई। 25 साल की सिमरन का शव सेक्टर 47 स्थित उनके अपार्टमेंट में फंदे पर लटकता मिला। रिपोर्ट के अनुसार, सिमरन के साथ रहने वाले एक दोस्त ने इस बारे में पुलिस को फोन करके सूचना दी। पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम के बाद उनका शव परिवार को सौंप दिया गया है। शुरुआती जांच में पुलिस ने उनके आत्महत्या करने की आशंका जताई है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो सकेगा। सिमरन सिंह सोशल मीडिया पर अपने फैंस के बीच 'जम्मू की धड़कन' के नाम से लोकप्रिय थीं और इंस्टाग्राम पर उनके 6.83 लाख फॉलोअर्स थे। इससे पहले वे पहले एक प्रसिद्ध रेडियो स्टेशन से जुड़ी थीं, और जम्मू की सबसे युवा रेडियो जॉकी थीं। हालांकि इसके बाद उन्होंने फ्रीलांस रेडियो जॉकी के रूप में काम करना शुरू कर दिया था। उनके वेरिफाइड इंस्टाग्राम अकाउंट पर उन्होंने कुल 443 पोस्ट की थीं, जिनमें से ज्यादातर फनी कंटेंट है। उनके अकाउंट को देखने से पता चलता है कि उन्होंने आखिरी पोस्ट इस साल 13 दिसंबर को की थी, जिसमें वे गाउन पहने फिल्म धड़क के गाने पर समुद्र तट पर डांस करती दिखी थीं। इस पोस्ट के साथ उन्होंने लिखा था, 'एक साधारण लड़की जो अपनी ना रुकने वाली हंसी और अपने गाउन के साथ समुद्र तट पर छा रही है।'

# प्रधानमंत्री शुक्रवार को 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड करेंगे वितरित

### नई पहल का उद्देश्य ग्रामीण भारत की आर्थिक सशक्तिकरण

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वामित्व योजना के तहत 50 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12:30 बजे आयोजित होगा, जिसमें 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 200 जिलों के 46,000 से अधिक गांव शामिल होंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (PMO) के अनुसार, यह योजना नवीनतम ड्रोन तकनीक का उपयोग करके ग्रामीण क्षेत्रों में बसे घरों के मालिकों को अधिकारों का रिकॉर्ड प्रदान करती है। इसका उद्देश्य ग्रामीण भारत में आर्थिक विकास को गति देना और संपत्ति विवादों को कम करना है। संपत्तियों के मुद्रीकरण को आसान बनाकर, बैंक ऋण के माध्यम से संस्थागत ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। संपत्ति विवादों में कमीः इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में संपत्ति विवादों में कमी आएगी। ग्राम-स्तरीय योजनाः यह योजना बेहतर ग्राम-स्तरीय योजना बनाने और संपत्ति कर के मूल्यांकन को सुगम करेगी।

### योजना की वर्तमान स्थिति

- 3.1 लाख से अधिक गांवों में ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है, जो लक्षित गांवों का 92% है।
- अब तक 1.5 लाख गांवों में 2.2 करोड़ संपत्ति कार्ड तैयार किए जा चुके हैं।
- त्रिपुरा, गोवा, उत्तराखंड और हरियाणा में यह योजना पूरी तरह लागू हो चुकी है।
- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ समेत कई केंद्र शासित प्रदेशों में ड्रोन सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है।

### ग्रामीण विकास की दिशा में अहम कदम

स्वामित्व योजना न केवल ग्रामीण भारत के विकास में मददगार साबित हो रही है, बल्कि यह ग्रामीण समुदायों को आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी ले जा रही है। प्रधानमंत्री की यह पहल, ग्रामीण भारत के लिए संपत्ति अधिकार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# नए साल पर दिल्ली में 10 हजार से अधिक जवान होंगे तैनात

एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने नए साल पर राष्ट्रीय राजधानी के सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को बताया कि नए साल पर उपद्रवियों और यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पैनी नजर होगी। खास तौर पर स्टंटबाजों और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों की सघन जांच की जाएगी। अधिकारियों की मानें तो दिल्ली में इस साल नए साल के मौके पर ट्रैफिक पुलिस समेत 10,000 से अधिक जवान तैनात किए जाएंगे। नए साल का जश्न शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जा सके इसके लिए पड़ोसी राज्यों से लगती सीमाओं पर अतिरिक्त पिकेट, बैरिकेड और अर्धसैनिक बलों की तैनाती किए जाने की योजना है। बता दें कि दिल्ली की सीमाएं हरियाणा और यूपी के साथ साझा करती हैं और राजस्थान के करीब हैं। देखा गया है कि इन तीन राज्यों से बड़ी संख्या में लोग नए साल का जश्न मनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी पहुंचते हैं। अधिकारी ने बताया कि उसने उन 15 से अधिक स्थानों पर भारी तैनाती की है, जहां से वाहन राष्ट्रीय राजधानी में दाखिल होते हैं।

एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक पुलिस ने मोटरसाइकिलों से स्टंट करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों से निपटने के लिए तगड़ी योजना बनाई है। ट्रैफिक पुलिस की मदद के लिए विभिन्न पुलिस थानों से अतिरिक्त बल तैनात किए जाएंगे।



### स्टंट करने वालों पर सख्त ऐक्शन

पुलिस के अनुसार, जवानों की ड्यूटी शिफ्ट में लगाई जाएगी। सभी एसएचओ को नए साल की पूर्व संध्या पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी टीमों के साथ सड़क पर रहने का आदेश दिया गया है। यदि कोई स्टंट जैसी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है तो टीमें तुरंत उसके वाहन को जब्त कर लेंगी। यही नहीं आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# कॉलेज में शराब पीने के खिलाफ प्रदर्शन हुआ हिंसक

### पुलिस से मारपीट के आरोप में कांग्रेस विधायक गिरफ्तार

एजेंसी। अहमदाबाद



गुजरात के पाटन जिले के एक विश्वविद्यालय में 16 दिसंबर को विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों पर हमले के मामले में गुरुवार को कांग्रेस विधायक किरीट पटेल और 20 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। किरीट पटेल पाटन का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके साथ सिद्धपुर के पूर्व विधायक चंदनजी ठाकोर, करीब 200 कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और छात्र विंग के सदस्यों ने हॉस्टल में शराब पीने के विरोध में हेमचंद्राचार्य उत्तर गुजरात विश्वविद्यालय के अंदर प्रदर्शन किया। इसके अगले दिन पाटन बी डिवीजन पुलिस ने पटेल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया। उनपर पुलिस कर्मियों से दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप लगाया गया।

### कांग्रेस विधायक किरीट पटेल गिरफ्तार

पुलिस उपाधीक्षक केके पंड्या ने कहा कि कुछ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि पटेल और ठाकोर फरार थे। उन्होंने कहा, 'स्थानीय पुलिस के सामने सरेंडर करने के बाद हमने किरीट पटेल, चंदनजी ठाकोर समेत 19 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। हम पहले ही 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुके हैं। इन सभी पर विश्वविद्यालय में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान ऑन-ड्यूटी पुलिसकर्मियों के साथ दुर्व्यवहार और मारपीट करने का आरोप है।'

## आंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी को नवीन पटनायक ने बताया दुर्भाग्यपूर्ण



एजेंसी। भुवनेश्वर

संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर बीजू जनता दल (बीजद) प्रमुख और ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमित शाह की टिप्पणी को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। बीजद के 28वें स्थापना दिवस समारोह पर पटनायक ने बताया कि उनकी पार्टी मतपत्र से चुनाव का समर्थन करती है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उनकी पार्टी ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर अभी कोई रुख नहीं अपनाया है।

### भाजपा पर लगाए गंभीर आरोप

बीजद के 28वें स्थापना दिवस समारोह पर पत्रकारों से बात करते हुए ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा, 'मुझे लगता है कि बाबा साहेब आंबेडकर को लेकर की गई अमित शाह की टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण थी।' सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं मालूम कि भाजपा इस मामले में इतना उत्सुक क्यों है? उन पर अभी तक किसी ने कोई आरोप नहीं लगाया है। ऐसा लग रहा है कि यह एक व्यक्ति का उदाहरण है जिस पर कोई आरोप नहीं है लेकिन इसके बावजूद वह खुद को निर्दोष होने का दावा कर रहा है।'

# 'रेवंत रेड्डी सरकार टॉलीवुड को निशाना बना रही'

### भाजपा नेता अमित मालवीय का सीएम पर गंभीर आरोप

एजेंसी। हैदराबाद

हैदराबाद में एक थिएटर के बाहर मची भगदड़ और उसमें महिला की मौत के बाद टॉलीवुड अभिनेता अल्लू अर्जुन के खिलाफ कार्रवाई देशभर में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग ले लिया है। भाजपा नेता अमित मालवीय ने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट करके आरोप लगाए हैं कि तेलंगाना की रेवंत रेड्डी सरकार तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री टॉलीवुड को निशाना बना रही है।



भाजपा नेता ने कहा कि 'एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत टॉलीवुड की कई प्रमुख हस्तियां और फाइनेंसर मुख्यमंत्री से मिलने वाले हैं। इससे पता चलता है कि टॉलीवुड पर दबाव बनाने की सीएम रेवंत रेड्डी की रणनीति सफल रही।

### नागार्जुन से हुई विवाद की शुरुआत

गौरतलब है कि बीते दिनों हैदराबाद में फिल्म स्टार नागार्जुन के कन्वेंशन सेंटर पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया था। इस घटना का जिक्र भी अमित मालवीय ने किया। उन्होंने लिखा कि 'विवाद की शुरुआत सुपरस्टार नागार्जुन के हैदराबाद स्थित कन्वेंशन सेंटर को ध्वस्त करने से हुई। इसके बाद, एक मौजूदा महिला कैबिनेट मंत्री ने नागार्जुन के बेटे की पूर्व पत्नी और सफल अभिनेत्री समांथा प्रभु पर व्यक्तिगत हमला किया। मोहन बाबू के बेटे का कथित तौर पर राजनीतिक हिसाब चुकता करने के लिए इस्तेमाल किया गया। हाल ही में टॉलीवुड के एक और बड़े स्टार अल्लू अर्जुन को निशाना बनाया गया।'